* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

14 मार्च, 2024
फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 144

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही












## न्यूज रील्स

### भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी, 72 नाम

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार की शाम भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी हुई। इसमें 72 नाम हैं। नागपुर से नितिन गडकरी, मुंबई नॉर्थ से पीयूष गोयल और हमीरपुर से अनुराग ठाकुर को टिकट दिया गया है। भाजपा ने 2 मार्च को जारी पहली लिस्ट में 195 उम्मीदवारों के नाम जारी किये थे। पहली और दूसरी लिस्ट को मिला कर पार्टी ने कुल 267 उम्मीदवार के नाम जारी कर दिये हैं।

### कांग्रेस ने किया नारी न्याय गारंटी योजना का वादा

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले बुधवार को कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी योजना का वादा किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर इसका एलान किया। इसके तहत कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये की मदद का वादा किया है। साथ ही कहा कि सरकारी नियुक्तियों में महिलाओं को आधा हक दिया जायेगा।

### जलसंकट के बीच बेंगलुरु छोड़ रहे लोग

बेंगलुरू। देश में तीसरी सबसे अधिक आबादी वाले शहर बेंगलुरु में जल संकट गहरा गया है। इस कारण लोग पलायन करने लगे हैं। विभिन्न कंपनियों पर कर्मचारियों की तरफ से वर्क फ्राम होम का दबाव बढ़ रहा है। जिससे वे बंगलुरु छोड़ सकें।

## एसबीआइ ने सुप्रीम कोर्ट में दिया हलफनामा

# 2019 - 24 के बीच 22217 इलेक्टोरल बांड खरीदे गये

- पार्टियों ने 22,030 बांड का पैसा कैश कराया
- एसबीआइ चेयरमैन ने कोर्ट में एफिडेविट फाइल की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआइ) के चेयरमैन दिनेश कुमार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में एफिडेविट फाइल की। इसमें बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 11 मार्च के निर्देश के मुताबिक इलेक्टोरल बांड से जुड़ी उपलब्ध जानकारी चुनाव आयोग को दे दी गयी है। एसबीआइ चेयरमैन ने कहा कि हमने चुनाव आयोग को पेन ड्राइव में दो फाइलें दी हैं। एक फाइल में बांड खरीदने वालों का ब्योरा है। इसमें बांड खरीदने की तारीख और रकम का जिक्र है। दूसरी फाइल में बांड भुनाने वाले राजनीतिक दलों की जानकारी है। लिफाफे में दो पीडीएफ फाइल भी हैं। ये पीडीएफ फाइल पेन ड्राइव में भी रखी गयी हैं, इन्हें खोलने के लिए जो पासवर्ड हैं, वो भी लिफाफे में दिया गया है।

एसबीआइ के हलफनामे के अनुसार 1 अप्रैल 2019 से 15 फरवरी 2024 तक 22 हजार 217 इलेक्टोरल बांड खरीदे गये। इनमें से 22,030 बांड का पैसा राजनीतिक पार्टियों ने कैश करा लिया है। पार्टियों ने 15 दिन की वैलिडिटी के भीतर 187 बांड को कैश नहीं किया, उसकी रकम प्रधानमंत्री राहत कोष में ट्रांसफर कर दी गयी।

गौरतलब है कि इलेक्टोरल बांड की जानकारी देने से जुड़े केस में एसबीआइ की याचिका पर 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने करीब 40 मिनट सुनवाई की थी। एसबीआइ ने कोर्ट से कहा था कि बांड से जुड़ी जानकारी देने में हमें कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसके लिए कुछ समय चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि एसबीआइ 12 मार्च तक सारी जानकारी का खुलासा करे। चुनाव आयोग सारी जानकारी को इकट्ठा कर 15 मार्च शाम 5 बजे तक इसे वेबसाइट पर प्रकाशित करे।

## विधि व्यवस्था पर मुख्यमंत्री के तेवर सख्त, दिये निर्देश

# आपराधिक घटनाओं पर लगाम लगायें, अवैध माइनिंग को हर हाल में रोकें : चंपाई सोरेन

- धनबाद में विधि व्यवस्था का संधारण दुरुस्त करें
- शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनायें
- चिह्नित 369 बालू घाटों के संचालन का जिम्मा ग्राम पंचायत को दें
- अवैध माइनिंग रोकें, अवैध खनन में शामिल लोगों पर कार्रवाई सुनिश्चित करें
- अपराध की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में राज्य में विधि व्यवस्था, रांची में यातायात व्यवस्था, सड़क सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण को लेकर किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अपराध की घटनाओं पर हर हाल में लगाम लगायें। घटित आपराधिक घटनाओं की प्रवृत्ति को सूचीबद्ध करें। हत्या, डकैती, लूट, छिनतई, चोरी, साइबर अपराध सहित अन्य विभिन्न मामलों का अलग-अलग समीक्षा की जाये। जमीन खरीद-बिक्री से जुड़ी आपराधिक की घटनाओं की जांच कर, संलिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। अफीम की खेती रोकने के लिए जंगल बचाओ ग्राम समितियों को साथ लेकर जागरूकता अभियान चलायें। साइबर क्राइम से जुड़ी घटनाएं बढ़ रही हैं। इसे प्राथमिकता में लें। इसके लिए लोगों को जागरूक भी करें। अपराध मुक्त झारखंड का निर्माण सरकार की प्राथमिकता है।

**असामाजिक तत्वों पर करें कार्रवाई:** चंपाइ सोरेन ने कहा कि बीते कुछ महीनों में धनबाद जिला में ऑर्गेनाइज्ड क्राइम सहित अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया गया है। धनबाद जिला में विधि व्यवस्था के संधारण पर विशेष नजर रखें। हाल की घटनाओं की तफ्तीश शीघ्र पूरा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में कई धार्मिक स्थलों पर असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ एवं अन्य घटनाओं को अंजाम दिया गया है। इस प्रकार की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द की जाये।

**अवैध खनन एक बड़ मुद्दा है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अवैध खनन एक बड़ा मुद्दा है। अवैध खनन को लेकर राज्य की छवि धूमिल हो रही है। अवैध माइनिंग की रोकथाम के लिए विशेष नजर रखने की जरूरत है। अवैध खनन से जुड़े लोगों पर पुलिस कानूनी-कार्रवाई सुनिश्चित करे। राज्य और जिला स्तर पर अवैध खनन की रोकथाम के लिए गठित टास्क फोर्स को सक्रिय करें। कोयला, बालू, लौह अयस्क, पत्थर सहित अन्य खनिज संपदाओं के अवैध खनन और उसके ट्रांसपोर्टिंग को रोकने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये जायें। उन्होंने कहा कि अवैध खनन रोकने के नाम पर सिर्फ वाहनों को पकड़ कर एफआइआर दर्ज करने की खानापूर्ति न करें, बल्कि बिना चालान के वाहनों में कैसे कोयला लोडिंग की जाती है, इसकी भी जांच सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर सिस्टम के भीतर कोई मिलीभगत है तो, इसकी जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये।

**बालू की उपलब्धता सुनिश्चित करें अधिकारी:** चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्य में बालू घाटों की टेंडर प्रक्रियाओं में तेजी लायें। राज्य की जनता को सुगमतापूर्वक बालू उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। कैटिगरी-1 वाले चिह्नित 369 बालू घाटों को ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित करने की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करें। राज्य में 369 बालू घाटों का संचालन ग्राम पंचायत करेगी तभी ग्रामीण क्षेत्र के अलावा शहरी क्षेत्र में भी बालू की मांग को पूरा किया जा सकेगा।



### ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनायें

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम किया जाये। विभिन्न तरह के निर्माण कार्य की वजह से अगर ट्रैफिक से संबंधित समस्याएं उत्पन्न होती हैं, तो इनका वैकल्पिक उपाय निकालते हुए जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलायें। रांची में चलने वाले ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालकों को परमिट देने तथा रूट निर्धारित करने की दिशा में कार्रवाई करें। नगर निगम द्वारा संचालित सिटी बसों के यात्री पड़ाव एवं समय का निर्धारण सुनिश्चित करें।

# हम उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे: मोदी

प्रधानमंत्री ने तीन सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट की नींव रखी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में भारत ने नयी शुरुआत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को लगभग 1.25 लाख करोड़ रुपये की तीन सेमीकंडक्टर प्रोजेक्ट की नींव रखी। चिप निर्माण प्रोजेक्ट में से एक असम के मोरिगांव और दो गुजरात के धोलेरा और सानंद में स्थापित होंगी। इस प्रोजेक्ट की नींव रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम उज्ज्वल भविष्य की ओर एक बड़ा कदम उठा रहे हैं। चिप निर्माण भारत को आत्मनिर्भरता, आधुनिकता की ओर ले जायेगा। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के साथ टाटा ग्रुप के चेयरमैन एन चंद्रशेखर, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और 60 हजार से ज्यादा विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थान वर्चुअली जुड़े। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज एक ऐतिहासिक दिन है। आज, हम इतिहास भी लिख रहे हैं और उज्ज्वल भविष्य की ओर मजबूत कदम उठा रहे हैं। 21वीं सदी तकनीक आधारित सदी है, जिसकी कल्पना चिप्स के बिना नहीं की जा सकती। पिछले महीने केंद्रीय कैबिनेट ने तीन सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना की मंजूरी दी थी। तीनों प्रोजेक्ट में मैन्युफैक्चरिंग का काम 100 दिनों के अंदर शुरू होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इंडिया चिप भारत को आत्मनिर्भरता की तरफ ले जायेगी।

### सेमीकंडक्टर चिप क्या होती है?

सेमीकंडक्टर चिप सिलिकॉन से बनी होती है और सर्किट में इलेक्ट्रिसिटी कंट्रोल करने के काम आती है। ये चिप एक दिमाग की तरह इन गैजेट्स को ऑपरेट करने में मदद करती है। इसके बिना हर एक इलेक्ट्रॉनिक आइटम अधूरा है। कंप्यूटर, लैपटॉप, कार, वॉशिंग मशीन, एटीएम, अस्पतालों की मशीन से लेकर हाथ में मौजूद स्मार्टफोन तक सेमीकंडक्टर चिप पर ही काम करते हैं।

# दो स्कूली छात्राओं के साथ दो दिनों तक दुष्कर्म

- दो दिनों तक दुष्कर्म करनेवाले तीनों आरोपी भी नाबालिग
- पुलिस ने तीनों आरोपियों को भेजा बाल सुधार गृह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में डुमरी थाना क्षेत्र की दो नाबालिग स्कूली छात्राओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत डुमरी थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई। दोनों डुमरी के स्कूल में आठवीं और एक दसवीं की छात्रा हैं। पुलिस ने तीन नाबालिग लड़कों को पकड़ कर बाल सुधार गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार दोनों छात्राएं 9 मार्च को टांगीनाथ में मेला घूमने गयी थीं। वहीं एक छात्रा की जान पहचान के लड़के के साथ मुलाकात हुई। उस लड़के ने छात्रा और उसकी दोस्त को बाइक से घर पहुंचाने के नाम पर अपने साथ लेकर गया। वह लड़का घर पहुंचाने की जगह दोनों छात्राओं को जैरागी में बन रहे अपने नये घर में ले गया। इसके बाद छात्र ने अपने दो अन्य दोस्तों को बुलाया। दोनों छात्राओं के साथ 9 और 10 मार्च को सभी लड़कों ने शारीरिक संबंध बनाया। डरी-सहमी छात्राएं 11 मार्च को अपने किसी दोस्त के घर रुकीं और 12 मार्च को अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान परिजनों से रास्ते में मुलाकात हो गयी और छात्राओं ने पूरी आपबीती सुनायी, जिसके बाद थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। डुमरी पुलिस ने घटना में शामिल सभी तीनों नाबालिग लड़कों को पकड़ा और बाल सुधार गृह भेज दिया है। वहीं छात्राओं की मेडिकल जांच करायी। कोर्ट में उनका बयान भी दर्ज करवाया।

### मझगांव में भी छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म

मझगांव (आजाद सिपाही)। मझगांव थाना क्षेत्र के गडकेशना गांव में लगभग 13 वर्षीय स्कूली छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बुधवार को पीड़ित छात्रा की मां ने इसकी सूचना मझगांव थाना को दी। पीड़ित छात्रा की मां ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे बेटी नहाने के लिए गांव से कुछ दूरी पर स्थित तालाब पर गयी थी। तभी गडकेशना गांव के पांच लड़कों ने मेरी बेटी से सामूहिक दुष्कर्म किया। उन्होंने किसी को नहीं बताने की धमकी दी। काफी देर बाद छात्रा अर्धनग्न अवस्था में घर पहुंची। शाम को जब हम और उसके पिता जंगल से घर आये, तो घटना के बारे में जानकारी मिली। धमकी के कारण हम लोग भी डरे हुए थे। फिर बुधवार सुबह मझगांव थाना प्रभारी को घटना की जानकारी दी। सूचना के अनुसार छात्रा उत्क्रमित उच्च विद्यालय किशनगढ़ में पढ़ाई कर रही है।


# जेल से हेमंत सोरेन लड़ेंगे लोकसभा का चुनाव!

झामुमो बना रहा है दुमका से चुनाव लड़ाने का रणनीति



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** तथाकथित जमीन घोटाला में गिरफ्तार पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लोकसभा चुनाव लड़ाने की तैयारी झारखंड मुक्ति मोर्चा कर रहा है। सूत्रों के मुताबिक दुमका से उन्हें चुनाव लड़ाने की तैयारी शुरू कर दी है। अगर ऐसा हुआ तो संभावना है कि जेल में बंद रहते हुए हेमंत सोरेन चुनाव मैदान में उतरेंगे। दरअसल दुमका से चुनाव लड़ने को लेकर झामुमो की ये सोच है कि अगर ऐसा हुआ, तो इसका असर पूरे झारखंड में आदिवासी वोट बैंक पर पड़ सकता है। जनता के बीच ये संदेश देने की कोशिश होगी कि भाजपा के षड्यंत्र की वजह से हेमंत सोरेन जेल में बंद हैं। उनको वोट देकर जीत दिलायें, ताकि भाजपा को ये संदेश जाये कि हेमंत सोरेन जेल में बंद होने के बावजूद चुनाव लड़ सकते हैं और जीत भी सकते है। झामुमो इसे एक भावनात्मक मुद्दा बना कर झारखंड में चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। हालांकि पिछली बार दुमका की सीट से शिबू सोरेन चुनाव लड़े थे और उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस बार स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन चुनाव नहीं लड़ेंगे। पूरी संभावना है कि सोरेन परिवार का ही कोई सदस्य दुमका से चुनाव लड़े, क्योकि ये उनकी पारंपरागत सीट रही है। हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने पर अंतिम फैसला पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन को ही लेना है। दो दिन पहले मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने होटवार जेल जाकर पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की थी। सूत्रों के मुताबिक इस मुलाकात में लोकसभा चुनाव में सीट और उम्मीदवारों के चयन से लेकर हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 61,500 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 14 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# झारखंड में संसदीय चुनाव के मुकाबले की तस्वीर साफ

## राज्य की सभी 14 सीटों पर भाजपा और विपक्ष में होगा सीधा मुकाबला

## इंडी अलायंस में सीट शेयरिंग पर 7-5-1-1 का फॉर्मूला हुआ फाइनल

## पहली बार कोडरमा में होगा भाजपा और भाकपा माले के बीच मुकाबला

**लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच झारखंड में विपक्षी इंडी अलायंस ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बीच एक दिन पहले हुई बातचीत में फॉर्मूले पर सहमति की बात छन कर सामने आ रही है। वैसे अभी जिस फॉर्मूले पर सहमति की बात कही जा रही है, उसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि जिन तीन सीटों पर पेंच फंसा था, वहां गठबंधन में शामिल पार्टियों ने आपसी सहमति बना ली है। बताया जा रहा है कि सिंहभूम सीट कांग्रेस ने झामुमो के लिए और कोडरमा सीट भाकपा माले के लिए छोड़ दी है। उधर लोहरदगा सीट पर झामुमो ने अपना दावा छोड़ दिया है। इस तरह अब संभावना जतायी जा रही है कि राज्य की सभी 14 संसदीय सीटों पर अब भाजपा और विपक्षी गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिलेगा। जहां तक भाजपा की बात है, तो उसके लिए विपक्ष से सीधे मुकाबले का अनुभव नया नहीं है, क्योंकि पिछले चुनाव में भी लगभग सभी सीटों पर ऐसा ही हुआ था और खूंटी और लोहरदगा को छोड़ कर सभी सीटों पर जीत का बड़ा अंतर रहा था। सीट शेयरिंग की आधिकारिक घोषणा के साथ इंडी अलायंस के उम्मीदवारों के एलान का इंतजार है, जो भाजपा के उम्मीदवारों को चुनौती देंगे। क्या है झारखंड में इंडी अलायंस के सीट शेयरिंग का फॉर्मूला और क्या होगा राज्य में मुकाबले की तस्वीर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच झारखंड में विपक्षी इंडी अलायंस ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप देकर बड़ी कामयाबी हासिल कर ली है। सूत्रों की मानें तो झामुमो और कांग्रेस के बीच हुई बैठक में इस फॉर्मूले को अंतिम रूप दे दिया गया है। अब इस फॉर्मूले की औपचारिक घोषणा कांग्रेस आलाकमान करेगा। फॉर्मूले पर सहमति मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के साथ झारखंड मंत्रालय में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर की मुलाकात के दौरान बनी। बैठक में राजद और भाकपा माले का कोई प्रतिनिधि मौजूद नहीं था, लेकिन कहा जा रहा है कि फॉर्मूले पर दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व की सहमति ले ली गयी है। इस बैठक में एकजुट होकर चुनाव लड़ने और अधिक से अधिक सीट जीतने को लेकर रणनीति बनायी गयी। इंडी अलायंस की समन्वय समिति चुनाव से जुड़े बाकी सभी बिंदुओं पर मंथन करने के बाद सीट शेयरिंग का एलान करेगी। बैठक में झारखंड में लगातार भ्रमण के बाद मिले फीडबैक पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

### सभी सीटों पर होगा सीधा मुकाबला

इंडी अलायंस में सीट शेयरिंग तय हो जाने के बाद अब झारखंड के सभी 14 संसदीय क्षेत्रों में मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। इन सभी सीटों पर इंडी गठबंधन में शामिल दल एकजुट होकर लड़ेंगे और सभी पर भाजपा को सीधा मुकाबला करना होगा। इसमें केवल भाकपा का पेंच है, जिसने आठ सीटों पर उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। यदि भाकपा इस घोषणा पर अड़ी रहती है, तो फिर हजारीबाग और राजमहल जैसी सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है।




### इस फॉर्मूले पर बनी है सहमति

इंडी अलायंस के घटक दलों के भीतर से जो जानकारी छन कर सामने आयी है, उसके अनुसार कांग्रेस राज्य की सात लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार देगी। झामुमो को पांच सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना है, जबकि राजद और भाकपा माले को एक-एक सीट पर प्रत्याशी उतारना है। जानकारों का मानना है कि जिन तीन सीटों को लेकर इंडी अलायंस में पेंच फंसा था, उसे भी हल कर लिया गया है। कांग्रेस ने सिंहभूम सीट झामुमो के लिए छोड़ दी है, जबकि कोडरमा सीट उसने भाकपा माले को दे दी है। उधर लोहरदगा सीट पर झामुमो ने अपना दावा छोड़ दिया है। फॉर्मूले के तहत कांग्रेस रांची, हजारीबाग, खूंटी, लोहरदगा, धनबाद, गोड्डा और चतरा सीट से उम्मीदवार देगी। झामुमो के कोटे में सिंहभूम, जमशेदपुर, गिरिडीह, दुमका और राजमहल सीट दी गयी है। राजद को पलामू सीट से उम्मीदवार देने को कहा गया है, जबकि कोडरमा से भाकपा माले लड़ेगी।

### कितना कारगर होगा यह फॉर्मूला

सीट शेयरिंग तय हो जाने के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि इंडी अलायंस का यह फॉर्मूला कितना कारगर हो सकेगा। यह सही है कि सीधा मुकाबला होने से सभी सीटों पर रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा, लेकिन 2019 के चुनाव परिणामों पर नजर डालने से स्पष्ट हो जाता है कि इंडी अलायंस के एकजुट होकर लड़ने से कोई खास अंतर नहीं आनेवाला है। पिछली बार भी लगभग सभी सीटों पर सीधा मुकाबला ही हुआ था। पिछले चुनाव में राज्य की जिन 11 सीटों पर भाजपा और एक सीट पर उसकी सहयोगी आजसू जीती थी, उनमें से खूंटी और लोहरदगा को छोड़ कर हर सीट पर जीत का अंतर काफी बड़ा था। खूंटी और लोहरदगा में जीत का अंतर बहुत कम रहा था, लेकिन इस बार भाजपा ने लोहरदगा से समीर उरांव को उतार कर स्थिति में सुधार की कोशिश की है। इस बार इंडी अलायंस की तरफ से कहा जा रहा है कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि कौन कितनी सीट पर लड़ेगा। चुनावी मैदान में जीतने वाले उम्मीदवार को उतारा जायेगा। सीट के आंकड़े महत्वपूर्ण नहीं हैं। इस बार परिस्थितियां बदली हुई हैं।

### इंडी अलायंस के पास जिताऊ उम्मीदवार का टोटा

तमाम दावों और सीधे मुकाबले में भाजपा को पटखनी देने के दावों के बीच यह भी देखना दिलचस्प है कि इंडी अलायंस के पास जिताऊ उम्मीदवार हैं या नहीं। भाजपा ने 11 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है, लेकिन विपक्ष की तरफ से अब तक किसी उम्मीदवार का नाम तय नहीं है। राजमहल सीट से विजय हांसदा एक बार फिर झामुमो की तरफ से उतरेंगे, यह लगभग तय है। इसके अलावा कांग्रेस के पास गोड्डा के अलावा कहीं भी मजबूत उम्मीदवार नहीं है। उधर झामुमो भी ऐसे उम्मीदवारों के नामों पर मंथन कर रहा है, जो भाजपा को मजबूत टक्कर दे सकें। जहां तक कांग्रेस की बात है, तो वहां अभी उम्मीदवारों के नाम पर विचार ही चल रहा है। वैसे भी जिन सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार उतारेगी, उनमें से अधिकांश पर भाजपा का दबदबा है। सच तो यह है कि गीता कोड़ा के भाजपा में शामिल हो जाने के बाद कांग्रेस के पास ऐसा कोई उम्मीदवार ही नहीं है, जो अपने बूते मतदाताओं को प्रभावित कर सके। कुछ हद तक लोहरदगा में सुखदेव भगत टक्कर देने की स्थिति में हैं। खूंटी में अगर कालीचरण मुंडा को टिकट मिलता है, तो वह अर्जुन मुंडा के लिए कुछ हद तक चुनौती पेश कर सकते हैं, लेकिन अगर दयामनी बारला को टिकट मिलता है, तो वहां भी मुकाबला एकतरफा होना तय है। वैसे अर्जुन मुंडा ने खूंटी में पहले की अपेक्षा अपनी स्थिति काफी मजबूत की है। उन्होंने दर्जनों बड़ी योजनाओं को यहां धरातल पर उतारा है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उनका चेहरा बड़ा हुआ है। अभी चुनावी मुद्दों पर कोई बात ही नहीं हुई है, जबकि भाजपा ने मोदी सरकार के कामकाज और मोदी की लोकप्रियता पर वोट मांगने का फैसला कर लिया है।

### झारखंड में शुरू से ही हिचकोले खा रहा था इंडी अलायंस

झारखंड में सत्तारूढ़ तीन पार्टियों, झामुमो, कांग्रेस और राजद की मिली-जुली सरकार चल रही है और ये तीनों दल इंडी अलायंस में शामिल हैं, लेकिन लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर भाकपा के एलान के बाद इस अलायंस को बरकरार रखना एक बड़ी चुनौती बन गयी थी। झारखंड में इंडी अलायंस में इन तीन दलों के अलावा भाकपा, माकपा और भाकपा माले शामिल हैं। जदयू इस अलायंस से बाहर निकल चुका है। गठबंधन के भीतर शुरू से ही मतभेद की बातें सामने आने लगी थीं। ये मतभेद खास कर सीट शेयरिंग के मुद्दे पर ही थे, लेकिन अब मतभेद सुलझा लिये गये हैं, तो इसका कुछ असर होना स्वाभाविक है।

---

#### इडी की छापेमारी के बाद अंबा का आरोप

## भाजपा का ऑफर ठुकराने के बाद हुई कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने अपने आवास पर हुई इडी की छापेमारी के बाद बीजेपी पर जम कर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ हुई यह कार्रवाई भारतीय जनता पार्टी के ऑफर ठुकराने के बाद हुई है। मेरे माता-पिता ने मुझे राजनीति न करने की सलाह दी है, लेकिन इससे हम लोग डरनेवाले नहीं हैं। मैं जिस सोच के साथ अपने क्षेत्र और राज्य की जनता की आवाज उठाती रही हूं, उसे मैं लगातार करती रहूंगी।

**क्या कहा विधायक अंबा प्रसाद ने :** अंबा प्रसाद ने इडी की कार्रवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत में बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुझे सबसे पहले भाजपा ने हजारीबाग और चतरा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था। उसे मैंने टाल दिया। इसके बाद बीजेपी और आरएसएस के लोग मेरे घर पर आकर घंटों बैठे रहते थे। इस छापेमारी के कारण मेरे माता-पिता बेहद परेशान हैं। मुझे भी घंटों टॉर्चर किया गया। जिस तरह की राजनीति बीजेपी कर



रही है, इससे लोगों को समझने की जरूरत है।

**एनटीपीसी और अडाणी के खिलाफ आवाज न उठाने को कई बार बोला गया :** अंबा प्रसाद ने आगे कहा कि मुझे एनटीपीसी और अडाणी के खिलाफ विधानसभा में मामले नहीं उठाने को कहा गया। इसके बावजूद मैंने खुल कर आवाज उठायी। इडी ने मेरे घर से विधानसभा से जुड़ी फाइल के अलावा मेरे पिता से जुड़े केस की फाइल के साथ मेरी बहन की एक संदूक, जो बायोमैट्रिक से खुलती थी, उसे लेकर गयी है। इडी की छापेमारी के बाद मां ने मुझसे कहा कि अब हमें राजनीति नहीं करनी है, लेकिन हम इससे डरनेवाले नहीं हैं। हम यह लड़ाई आगे भी लड़ते रहेंगे।

### एक दिन में ही आइएएस के तबादले में संशोधन

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार ने तबादले में फिर संशोधन किया। 12 मार्च को जारी अधिसूचना से श्री कृष्ण लोक सेवा संस्थान के महानिदेशक सुखदेव सिंह को मुख्य स्थानिक आयुक्त झारखंड भवन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, उस आदेश को विलोपित कर दिया गया। वहीं खाद्य आपूर्ति सचिव अमिताभ कौशल को अपने कार्यों के साथ सचिव सूचना जनसंपर्क विभाग बनाया गया था, उस आदेश को भी विलोपित कर दिया गया है। यानी इन दोनों पदों पर फिर से नये सिरे से अधिकारियों की नियुक्ति होगी। इस संबंध में कार्मिक विभाग में अधिसूचना जारी कर दी है।

## अंबा बतायें, किसने बनाया था भाजपा से चुनाव लड़ने का दबावः आदित्य साहू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ने आरोप लगाया है कि भाजपा उन पर चतरा या हजारीबाग लोकसभा सीट से पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ने का दबाव बना रही थी। इसको लेकर भाजपा के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अंबा प्रसाद इडी की कार्रवाई के बाद अनर्गल बयानबाजी कर रही हैं। कहा कि अंबा प्रसाद यह बतायें कि आखिर वह कौन लोग हैं, जो उन पर भाजपा से चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे थे। उन लोगों का नाम और चेहरा उजागर करें। बड़कागांव की जनता यह जानना चाहती है।

आदित्य साहू ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में पिछले 15 साल से अंबा प्रसाद के परिवार के लोग चुनाव जीत रहे हैं।

वहां की स्थिति इन्होंने खराब कर दी है। खुलेआम बालू की लूट हो रही है। पुलिस जब बालू लदे ट्रक को जब्त करती है तो उनके गुर्गे जबरदस्ती थाना से छुड़ा कर ले जाते हैं। उन्होंने अंबा प्रसाद पर पतरातू में कयूम अंसारी और जमील अंसारी की जमीन लूटने का आरोप लगाया।

#### यूपी और बिहार जा रहा झारखंड का बालू

**आदित्य साहू ने कहा कि जब-जब झारखंड में कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनती है, राज्य में खान, खनिज और जमीन की लूट होती है। झारखंड का बालू यूपी और बिहार जा रहा है, लेकिन यहां के लोगों को 50 रुपये बोरी बालू खरीदना पड़ रहा है। भाजपा के नेतृत्व में जब सरकार थी, तब गांव के लोगों को बालू बिक्री का अधिकार दिया गया था, लेकिन गठबंधन की सरकार राज्य में बालू से तेल निकाल कर पीने का काम कर रही है।**




#### बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने लगाये गोविंदपुर सीओ पर आरोप

## सीओ शशि भूषण सिंह ने परिवार के नाम पर 41 संपत्तियां खरीदी

**सीओ शशि भूषण सिंह का अपराधी प्रिंस खान से गहरा नाता**

**प्रचलन से बाहर हो चुके 2000 के पांच लाख नोट भी बरामद**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने सीओ शशिभूषण सिंह के ठिकाने पर भी छापेमारी की थी। इडी ने गोविंदपुर सीओ शशिभूषण सिंह के घर पर छापेमारी कर 15 लाख कैश बरामद किये। इसको लेकर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। कहा कि शशिभूषण सिंह की अमीरी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आवास से चलन से बाहर होने के बाद भी 2000 के नोट मिले। बरामद पांच लाख सिर्फ 2000 के नोट हैं। इन्होंने इन नोटों को बदलवाने की जरूरत नहीं समझी।

विनय कुमार सिंह ने कहा है कि गोविंदपुर अंचल कार्यालय में काम करनेवाले गुलरेज, सोनू, अदनान सुमित और मेहदी जैसे कुछ कर्मचारी, सीओ का अंडरवर्ल्ड के साथ संबंध है। ये उनके लिए दलाली का काम भी करते हैं। प्रिंस खान नेटवर्क के नाम पर लोगों को धमकाना और पैसे वसूल कर प्रिंस खान और सीओ को पहुंचना इनका प्रमुख काम है। यह धंधा गोविंदपुर के ऑफिस में पिछले कई वर्षों से निर्बाध रूप से चल रहा है।



#### शशि भूषण सिंह की संपत्ति

**विनय कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि शशि भूषण सिंह ने परिवार के नाम पर 41 संपत्तियां खरीदी हैं। इसमें पत्नी गीता देवी, पूजा सिंह, रिया सिंह, प्रीति सिंह, मतबर सिंह, मनीष सिंह, मकसूदन सिंह, धनंजय सिंह, सुमन कुमारी, बलबीर जैन, रेणु सिंह, बलवीर जैन, निशांत कुमार, दिव्या कुमारी, नेहा कुमारी, अशोक कुमार, गोलु कुमार, मंगलू सिंह, गीता सिंह और विक्की कुमार के नाम पर रांची के नामकुम, अरगोड़ा, हेसाग, हटिया और तुपुदाना अंचल में कई एकड़ जमीन ले रखी है।**

### शशि भूषण सिंह की संपत्तियों का ब्योरा

| नाम | अंचल | रकबा |
|---|---|---|
| गीता देवी | नामकुम | 12 डिसमिल |
| पूजा देवी | नामकुम | 04 डिसमिल |
| गीता देवी | अरगोड़ा | एक कट्ठा |
| गीता देवी | अरगोड़ा | 4.48 डिसमिल |
| गीता देवी | अरगोड़ा | 1.85 डिसमिल |
| गीता देवी | नामकुम | 14 डिसमिल |
| पूजा देवी | नामकुम | 10 डिसमिल |
| गीता देवी | नामकुम | 1.50 एकड़ |
| रिया सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| मतबर सिंह | नामकुम | 26 डिसमिल |
| मनीष कुमार | नामकुम | 7.09 डिसमिल |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 20 डिसमिल |
| धनंजय सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| मनीष कुमार | नामकुम | 10 डिसमिल |
| सुमन कुमारी | नामकुम | 1.14 डिसमिल |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| रेणु सिंह | नामकुम | 12.45 डिसमिल |
| धनंजय सिंह | नामकुम | 05 डिसमिल |
| बलवीर जैन | नामकुम | ------ |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 6.6 डिसमिल |
| मकसुदन सिंह | नामकुम | 20 डिसमिल |
| मतवर सिंह | नामकुम | 26 डिसमिल |
| निशांत कुमार | हेसाग | 2.07 डिसमिल |
| निशांत कुमार | हेसाग | 12 डिसमिल |
| दिव्या कुमारी | हेसाग | 1.26 डिसमिल |
| निशांत कुमार | हेसाग | तीन डिसमिल |
| नेहा कुमारी | हेसाग | 1.5 डिसमिल |
| मनीष कुमार | हेसाग | 10 डिसमिल |
| अशोक कुमार | हटिया | 05 डिसमिल |
| मनीष कुमार | हेसाग | 7.9 डिसमिल |
| मनीष कुमार | तुपुदाना | 20 डिसमिल |
| नेहा कुमारी | तुपुदाना | 27 डिसमिल |
| बिक्की कुमारी | तुपुदाना | 04 डिसमिल |
| निक्की कुमारी | डुंगरी | 5.06 डिसमिल |
| धनंजय सिंह | डुंगरी | 06 डिसमिल |
| मंगलु सिंह | पुंदाग | 07 डिसमिल |
| गीता सिंह | हिनु | 07 डिसमिल |

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 17.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.56 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.59 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 14 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in


# सीएम से मिला बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट का शिष्टमंडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट रांची का शिष्टमंडल मिला। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सरकार द्वारा बांगला भाषा को प्राथमिक स्तर के विद्यालय में पुनर्स्थापित करने के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल में शामिल लोगों ने संयुक्त रूप से कहा कि बांगला भाषा की पढ़ाई में पाठ्यक्रम पुस्तकों की उपलब्धता और प्राथमिक स्तर से उच्च स्तर तक शिक्षकों की नियुक्ति पूर्व के वैभव को स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा झारखंड में निवास करने वाले बांगली समुदाय के सर्वांगीण विकास, उत्थान के लिए किये जा रहे कार्य काफी प्रशंसनीय हैं।

## बंगाली समुदाय के विकास के लिए सरकार संकल्पित: सीएम चंपाई सोरेन

मुख्यमंत्री से प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि झारखंड के सभी रेलवे जंक्शन, स्टेशन एवं ठहराव पर पूर्व की तरह नाम पट्टिका में बांगला लिपि का भी प्रयोग किये जाने की दिशा में राज्य सरकार सकारात्मक पहल करे और रांची स्थित कोकर से शुरू होकर बहुबाजार तक बनने वाले कांटाटोली फ्लाइओवर का नामांकन नेताजी सुभाष चंद्र बोस फ्लाइओवर के रूप में किये जाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बंगाली भाषा के संवर्धन और बंगाली समुदाय के विकास के लिए सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों पर राज्य सरकार सकारात्मक कार्रवाई करेगी।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref. 3853 Date: 13.03.2024
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites "RFP for IT/IS Audit" for JSCB.
Last date for submission of documents : 12.04.2024 till 12:00 Noon.
For eligibility criteria and other details, please visit website : http://www.jscb.gov.in
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार की स्थिति में सुधार, नयी व्यापारिक योजना बनेगी, नियमित आमदनी के साधन बनेंगे।

**वृष** अनेक परेशानियों का स्वतः निवारण होता रहेगा,लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**मिथुन** घरेलू सामजस्य बनने लगेगा, उत्साह उमंग भरा होगा,नौकरी में पदोन्नति तथा व्यवसाय में लाभ के प्रेम संबंधो में सुधार।

**कर्क** विद्यार्थियों को अध्ययन अध्यवसाय में रूचि, सुख-सौहार्द्र की वृद्धि, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण रहेगा।

**सिंह** अस्वाभविक भोग-वासना की वृद्धि होगी, रूके हुए कार्य में तेजी आयेगी,लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या** कठिन परिश्रम-प्रयत्न से बेरोजगारों को रोजगार मिलने की संभावना, क्रमशः आमदनी के साधनों में सुधार होगा।

**तुला** प्रेम प्रसंग में उलझनें दूर होगी, बकाये रकम की प्राप्ति, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** क्रोध पर नियत्रंण रखें,परिश्रम-प्रयत्न से नौकरी-व्यापार में उन्नति आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**धनु** कर्मक्षेत्र में प्रंशसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा,पैसे का लाभ होगा। बड़े-बुजुर्गों का प्यार मिलेगा।

**मकर** दिन-भर अनावश्यक भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, आय के स्रोत बढ़ेंगे, संतान संबंधी समस्या का हल होगा।

**कुंभ** किसी भी यथोचित कार्य में आपकी भाग्य बाधा हो सकता है, जॉब में अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति।

**मीन** काम-काज की स्थिति में सुधार होगा,प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है।

# अंबा प्रसाद के आवास पर दूसरे दिन भी जारी रही इडी की छापेमारी

## इडी के आधा दर्जन पदाधिकारी लगातार 36 घंटे तक करते रहे छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बड़कागांव से कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के हुडहुडू स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की छापेमारी दूसरे दिन भी जारी रही। इडी के आधा दर्जन पदाधिकारी लगातार 36 घंटे तक छापेमारी करते रहे। बुधवार को भी आधा दर्जन इडी के पदाधिकारी आवास में डटे रहे। इस दौरान बुधवार को भी आवास में किसी के आने और बाहर जाने का आदेश नहीं था। मंगलवार को इडी के करीब 40 अधिकारी अंबा प्रसाद तथा उनके करीबी समेत अन्य के 17 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की। लेकिन बुधवार को हजारीबाग स्थित हुडहुडू स्थित अंबा प्रसाद के एक आवास में ही छापेमारी जारी रही। विधायक आवास के एक कमरे की चाभी नहीं मिलने के कारण अधिकारियों ने उस कमरे के दरवाजे को भी तोड दिया। छापेमारी के दौरान बीच-बीच में उनकी मां और पूर्व विधायक निर्मला देवी से भी इडी पूछताछ कर रही थी। जहां एक और उनके भाई से जानकारी इकट्ठा की जा रही है तो दूसरी ओर जो दस्तावेज बरामद किये गये हैं, उसके बारे में भी जानकारी ली जा रही है। कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद की मां ने कहा कि इडी के अफसरों ने जो भी पूछताछ की है, उनका सही जवाब दिया गया है। इडी लगातार पूछताछ कर रही है। समय-समय पर पदाधिकारी भी बदले जा रहे हैं। जो भी जानकारी इडी के पदाधिकारी ले रहे हैं उनका सही-सही जवाब भी दिया जा रहा है। अंबा की मां ने कहा कि मेरी बेटी को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है लेकिन बदनाम कौन कर रहा है इस पर उन्होंने चुप्पी साध ली।

# देवघर में 25 को होगा हरिहर मिलन

## हरि से हर के मिलन के लिए रातभर खुलेगा दरबार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** होली का त्योहार 25 मार्च को मनाया जायेगा। बाबा मंदिर की होली परंपरा के अनुसार होगी। 24 मार्च को हरि यानी भगवान विष्णु, हर यानी महादेव का मिलन करा कर बाबा नगरी में बाबा भोलेनाथ का स्थापना दिवस मनाया जायेगा। मान्यता है कि इस दिन फाल्गुन मास पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के द्वारा महादेव की शिवलिंग को जमीन पर रख शिवलिंग की स्थापना की गयी थी। बाबा मंदिर के इस्टेट पुरोहित श्रीनाथ पंडित ने बताया कि रात साढ़े दस बजे से लेकर देर रात 12 बजे तक हरिहर मिलन का शुभ मुहूर्त है, लेकिन बाबा मंदिर में श्रृंगार पूजा, अन्य पूजा को देख कर ही सही समय तय किया जायेगा।

इस बार रात के करीब साढ़े दस बजे बड़ा बाजार स्थित दोल मंच पर होलिका की पूजा के बाद होलिका का दहन किया जायेगा। इसके बाद हरि जी को पालकी पर बिठा कर मंदिर के भंडारियों द्वारा बड़ा बाजार होते हुए पूरब द्वारा से मंदिर लाकर रात के करीब पौने ग्यारह बजे हरि का हर से मिलन कराया जायेगा। इस प्रेम के मिलन को देखने के लिए भारी संख्या में लोग गर्भ गृह में मौजूद रहेंगे। परंपरा के अनुसार 24 मार्च को शाम चार बजे बाबा मंदिर का पट खुलेगा। सरदार पंडा सबसे पहले बाबा पर गुलाल अर्पित कर देवनगरी की होली को प्रारंभ करेंगे। इसके बाद रात करीब पौने ग्यारह बजे हरिहर मिलन होने के बाद बाबा की श्रृंगार पूजा कर मंदिर का पट बंद किया जायेगा। बाबा मंदिर के भीतरखंड स्थित राधाकृष्ण मंदिर से भगवान कृष्ण की प्रतिमा को पुजारी द्वारा निकाला जायेगा। इसके बाद भगवान को बाबा मंदिर परिसर में पालकी पर बिठा कर ढोल-नगाड़े की थाप पर शोभायात्रा निकाली जायेगी। पश्चिम द्वार से पालकी के साथ शोभा यात्रा निकलने के बाद मंदिर के सभी गेट पर लाकर भगवान को भोग लगाने की परंपरा होगी। इसके साथ यह यात्रा दोल मंच के लिए प्रस्थान करेगी। इस बीच रास्ते में पड़ने वाले सभी चौक-चौराहों पर राधाकृष्ण मंदिर के पुजारी सह उपचारक भक्तिनाथ फलहारी की अगुवाई में मालपुआ का भोग लगाया जायेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# आदिवासी मूलवासी संगठनों ने निकाला आक्रोश मार्च

## झारखंड से नहीं जाने देंगे खनिज संपदा : अजय तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठनों ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के विरोध में बुधवार को आक्रोश मार्च निकाला। नारे लगाते आदिवासियों के विभिन्न संगठन कोकर स्थित बिरसा मुंडा के समाधि स्थल से जुलूस के रूप में लालपुर, अल्बर्ट एक्का चौक होते हुए राजभवन पहुंचे। आदिवासी पारंपरिक पोशाक और वाद्ययंत्र के साथ जुलूस में शामिल हुए थे। सभी कोकर समाधि स्थल से पैदल मार्च करते हुए राजभवन पहुंचे। केंद्रीय सरना समिति के अजय तिर्की ने कहा कि हेमंत सोरेन को जल्द रिहा नहीं किया गया, तो राज्य से बाहर खनिज संपदा जाने नहीं देंगे। केंद्र सरकार तानाशाही कर रही है। राहुल उरांव ने कहा कि यह सब कार्रवाई भाजपा के इशारे पर हो रही है।




### सड़क जाम, रेंगती रहीं गाड़ियां

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के विभिन्न आदिवासी मूलवासी संगठनों के आक्रोश मार्च का असर सड़कों पर दिखा। हर तरफ जाम लगा रहा। नतीजा हुआ कि गाड़ियां रेंगती रहीं। लालपुर, मेन रोड और रातू रोड में घंटों सड़कें जाम रहीं। सड़क जाम होने से आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस का हर स्तर से किया गया प्रयास विफल रहा। जाम लगने की वजह से एक किलोमीटर तक का सफर पूरा करने में आधा घंटा से ज्यादा का समय लग गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार नजर आयी।

# जेपीएससी परीक्षा की तिथि बढ़ाने की मांग

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेपीएससी द्वारा 17 मार्च को आयोजित झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2023 की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर आजसू पार्टी ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री और जेपीएससी अध्यक्ष के नाम मांग पत्र सौंपा। आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव एस अली ने बताया कि जेपीएससी द्वारा झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन करने कि अंतिम तिथि 3 मार्च थी, वहीं प्रारंभिक परीक्षा कि तिथि 17 मार्च घोषित है। इस बीच झारखंड के अभ्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए मात्र 14 दिनों का समय दिया गया, जो नाकाफी है। नियमानुसार जेपीएससी को प्रारंभिक परीक्षा की तैयारी के लिए कम से कम 45 दिनों का समय दिया जाना चाहिए जैसे अन्य राज्यों में दिया जाता है। उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश लोक सेवा आयोग ने एक रणनीति के तहत 17 मार्च को आयोजित परीक्षा को स्थगित कर दिया, ताकि झारखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 17 मार्च को आयोजित परीक्षा में उत्तरप्रदेश के अभ्यार्थियों को शामिल होने का अवसर मिल सके। झारखंड के अभ्यार्थियों के हित में परीक्षा की तिथि बढ़ायी जाये।

# समाज कल्याण विभाग का पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम

## पोषण, शिक्षा, पारंपरिक खानपान पर फोकस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में पोषण पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पखवाड़े का आयोजन झारखंड समाज कल्याण विभाग के बैनर तले किया जा रहा है। हर दिन अलग-अलग कार्यक्रम किये जा रहे हैं। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक समेत जिले के अन्य पदाधिकारियों की सहायता ली जा रही है। पोषण पखवाड़ा के लिए अलग-अलग थीम तैयार की गयी है। हर दिन एक नये विषय पर काम किया जा रहा है। पखवाड़े में पोषण, शिक्षा, पारंपरिक खानपान समेत अन्य विषय शामिल किये गये हैं। पोषण पखवाड़ा 23 मार्च तक चलेगा। 13 मार्च को समुदाय आधारित गतिविधियों पर जोर दिया गया। 14 मार्च को वीएचएसएनडी और




टीएचआर, 15 से 22 मार्च तक वृद्धि निगरानी सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम भी होंगे। 16 मार्च को पोषण ट्रैकर एप की जानकारी दी जायेगी। 18 और 19 मार्च को कैंप मोड पर पोषण ट्रैकर संबंधित गतिविधियों का संचालन होगा। 20 मार्च को समुदाय आधारित गतिविधियों का आयोजन होगा। 21 मार्च को सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में इसीसीइ दिवस का आयोजन होगा। 22 मार्च को खिलौने बनाये जायेंगे। 23 मार्च को पोषण पखवाड़ा का समापन होगा।

## प्रधानमंत्री पोषण योजना मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक

# जनवरी में 71 फीसदी छात्रों ने खाया मध्याह्न भोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमिटी की बैठक बुधवार को समाहरणालय में आयोजित की गयी। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर बैठक हुई। प्रधानमंत्री पोषण योजना के तहत जिला स्तरीय स्टीयरिंग सह मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में जिले में मध्याह्न भोजन की स्थिति माह जनवरी 2024 में लाभान्वित छात्रों की औसत उपस्थिति लगभग 71 प्रतिशत रही। जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से संबंधित सभी पदाधिकारी को और प्रतिशत बढ़ाने का निर्देश दिया गया। बैठक में आटोमेटेड मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत किये



जा रहे दैनिक एसएमएस की प्रखंडवार स्थिति लगभग 76 प्रतिशत रही। इसे जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से बढ़ाने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। बैठक में संबंधित अधिकारी की ओर से बताया गया कि स्कूल स्टेप डिलीवरी के माध्यम से विद्यालयों को एजेंसी के माध्यम से चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें तृतीय त्रैमास तक लगभग 2700 क्विंटल का बैकलॉग बचा हुआ है, जिसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी की ओर से बैठक में प्रस्ताव दिया गया कि उपायुक्त स्तर से संबंधित एजेंसी को बैकलॉग खत्म कराये जाने के लिए पत्र निर्गत कराया जाये।

# संतोष सोनी बने जदयू के प्रदेश महासचिव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने मजदूर नेता संतोष कुमार सोनी को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। साथ ही पार्टी संविधान के अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

श्री सोनी कुछ दिन पूर्व सैकड़ों समर्थकों संग पार्टी में शामिल हुए थे।

श्री सोनी को प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर जदयू नेता भगवान सिंह, श्रवण कुमार,




सागर कुमार, उपेंद्र सिंह, संजय सिंह, बैद्यनाथ पासवान, सागर कुमार और अन्य ने बधाई दी।

# भ्रष्टाचार के आरोप से ध्यान हटा रहीं अंबा प्रसाद : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद के आवास सहित 17 ठिकानों पर इडी की रेड को लेकर अंबा प्रसाद ने भाजपा पर सवाल उठाया। इस पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पलटवार किया है।

प्रतुल शाहदेव ने बुधवार को सोशल मीडिया पर कहा कि अंबा प्रसाद तथ्यहीन बयान देकर खुद पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से ध्यान हटाना चाहती हैं। प्रतुल शाहदेव ने कहा कि आखिर यह



उसी दल की सदस्य हैं, जिसके झारखंड के एक सांसद के पास से 350 करोड़ नकदी बरामद हुए थे।

कांग्रेस नेता अंबा प्रसाद ने कहा था कि भाजपा ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से टिकट की पेशकश की थी। मैंने इनकार कर दिया तो मुझे दिनभर प्रताड़ित किया गया।

अंबा ने आरोप लगाया था कि भाजपा के कुछ लोगों ने उन पर दबाव डाला। अंबा की मां निर्मला देवी ने कहा था कि लोकसभा चुनाव से पहले उनकी बेटी का मनोबल तोड़ने के लिए इडी ने छापेमारी की।

## रांची विश्वविद्यालय के 37वें दीक्षांत समारोह, 4043 छात्रों को मिलेगी उपाधि

# दीक्षा के बाद छात्रों की जिम्मेवारी भरी जिंदगी: कुलपति

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में 15 मार्च को 37वें दीक्षांत समारोह में 4043 छात्रों को उपाधि दी जायेगी। 13 मार्च को कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कांफ्रेंस हॉल में पत्रकारों से बात करते हुए दीक्षांत समारोह के बारे में बताया। कहा कि मुख्य अतिथि राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन होंगे। साथ ही केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा विशिष्ट अतिथि हैं। 14 मार्च को तीन बजे से दीक्षांत समारोह का रिहर्सल किया जायेगा। कुलपति प्रो सिन्हा ने कहा कि इस दीक्षांत समारोह में 76 गोल्ड मेडल प्रदान किये जायेंगे। इसमें 61 गोल्ड मेडल रांची विश्वविद्यालय द्वारा और 15

**106 लोगों को पीएचडी की उपाधि**

- एमएससी में 630
- एमफिल में 30
- एमकॉम में 649
- एमबीए में 152
- एमसीए में 50
- एलएलएम में 14
- एमडी में 39
- एमएस में 10
- एमएड में 40
- एम.ए. में 2262

स्पांसर्ड गोल्ड मेडल है।

**छात्राओं ने फिर बाजी मारी:** कुलपति ने बताया कि इस बार भी गोल्ड मेडल प्राप्त करने में छात्राओं ने बाजी मारी है। विभिन्न विषयों में 41 छात्राओं ने टॉपर होकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। वहीं 21 छात्रों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया है।

**भारतीय परिधान में डिग्री लेंगे :** कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि दीक्षांत समारोह में छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस कोड पूरी तरह से भारतीय है। इसमें उपाधि और मेडल लेने वाले छात्र सफेद कुर्ता-पायजामा और छात्राएं लाल पाढ़ साड़ी परिधान में शामिल होंगी।

कुलपति ने कहा कि शिक्षा के बाद दीक्षा और उसके बाद व्यावहारिक और जिम्मेवारी भरी जिंदगी की शुरुआत होती है। हमारा दायित्व है कि हम अपने छात्रों को अच्छा नागरिक बनाने के लिए दीक्षित करें। लगातार युवा शक्ति को निखारने के लिए प्रयासरत हैं।

हम शिक्षा में भारतीय ज्ञान परंपरा को लेकर भी काम कर रहे हैं। इससे भविष्य में हमारे स्किल्ड बच्चे नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। मौके पर सीसीडीसी डॉ पीके झा, प्रॉक्टर सह डायरेक्टर वोकेशनल डॉ मुकुंद मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ आशीष कुमार झा, डिप्टी डायरेक्टर वोकेशनल डॉ स्मृति सिंह, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ प्रीतम कुमार, डॉ अजय लकड़ा और अन्य उपस्थित थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर संत जेवियर्स कॉलेज में रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बुधवार को संत जेवियर्स कॉलेज में वुमन सेल और आइक्यूएसी के द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय 'इनवेस्ट इन वुमन एक्सीलेरेट प्रोग्रेस' था। कहीं नुक्कड़ नाटक करके महिलाओं की आवाज बुलंद की गयी, तो कहीं भोजन और पहनावा प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हुनर दिखाया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 12 राज्यों को प्रस्तुत किया और हर राज्य की संस्कृति को अपने पहनावे और भोजन




द्वारा दर्शाया। इसके अलावा पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता और कैप्शन लेखन प्रतियोगिता के द्वारा समान अधिकार का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद सभी वरिष्ठ अतिथि एवं शिक्षककों ने वुमन सेल लोगो का विमोचन किया गया, जो महा विद्यालय के बीबीए विभाग की छात्रा भव्य मल्लिक ने बनाया है। इस लोगो के चयन के लिए वुमन सेल ने प्रतियोगिता आयोजित की थी।

वुमन सेल की अध्यक्ष डॉ भारती रायपत ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भी महिलाओं को समान अधिकार न मिले, तो उसके विरोध में आवाज उठानी चाहिए और हर क्षेत्र में महिलाओं को समान रूप से सम्मिलित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता का वास होता है और उसी राष्ट्र का विकास होता है। प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने लैंगिक समानता को बढ़ावा देने की बात कही। इसके बाद प्राचार्य ने उपस्थित महिला शिक्षिकाओं एवं महिला कर्मचारियों को फूल देकर प्रोत्साहित किया।

समारोह में डॉ भारती रायपत, फादर लकड़ा, रेक्टर डॉ फा अलेक्स एक्का, परीक्षा नियंत्रक बीके सिन्हा, आइक्यूएसी के प्रधान डॉ शिव कुमार और सभी विभाग के शिक्षकगण उपस्थित थे।

# द अशोका हैंडलूम-हैंडीक्राफ्ट का कार्निवल 15 से

**दिल्ली की कुर्ती, कोलकता का जूट बैग लुभायेगा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** द अशोका हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट सोसायटी पानीपत के तत्वावधान में दुबई कार्निवल का शुभारंभ मोरहाबादी मैदान में 15 मार्च को होगा। आयोजन समिति के अध्यक्ष पवन सहगल ने बताया कि इस आयोजन में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के लगभग 150 कुशल शिल्पकार लगभग 2.50 लाख कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। इसमें मुख्य रूप से असम का बास का बना हुआ सामान, नागालैंड का ड्राइ फ्लावर, दिल्ली की ब्लॉक प्रिंट कुर्ती, कोलकता का जूट बैग, मुम्बई की मेला माइन क्रोकरी, लखनऊ का चिकन वर्क, भदोही की विश्व प्रसिद्ध कालीन, सहारनपुर का फर्नीचर, गुजरात का बाधनी सूट समेत अन्य सामग्री के स्टॉल लगेंगे। कानपुर की आयुर्वेदिक दवाइयां, ऋषिकेश के




शंख, कनौज का चंदन फेशपैक, मद्रास की ज्वेलरी भी लुभायेगा। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष रोहित चैरसिया ने बताया कि इस आयोजन में भारत वर्ष के अलावा विश्व के पांच देशों की लगभग 50 हजार कलाकृतियां पहली बार मोरहाबादी मैदान रांची में देखने और खरीदने को मिलेंगी। आयोजन समिति के संयोजक विकास जयसवाल ने बताया कि झारखंड राज्य में पहली बार दुबई थिम सिटी का आयोजन भी मेला परिसर में किया गया है। अध्यक्ष कृष्णा कुमार साव और संजीव गोडकिया ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए पहली बार 180 फीट के विशालकाय लंदन ब्रीज गेट की प्रतिकृति भी मेला परिसर में झारखंडवासियों को देखने को मिलेगी। आयोजन समिति की सदस्य फूलमनी टोप्पो ने बताया कि बच्चों के मनोरंजन के लिए कई छोटे-छोटे झूलों की व्यवस्था की गयी है। मीना टोप्पो ने बताया कि इस बार रांची शहरवासियों के लिए मुख्य रूप से खानपान के लिए मुम्बई का मसाला पोपकॉन, पनीर टिक्की चाट, पावभाजी, हवा मिठाई, फ्रूट चाट, शिकंजी इत्यादि की भी व्यवस्था की गयी है। संजीव तिवारी ने बताया कि आयोजन स्थल पर मनोरंजन के लिए प्रतिदिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया जायेगा।

## जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना

# आवेदन 15 मार्च से 25 का होगा चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के एसटी-एससी, पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले वैसे स्टूडेंट्स जो उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए मौका है। राज्य सरकार ने आवेदन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए तिथि की घोषणा कर दी है। झारखंड सरकार की ओर से संचालित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए 15 मार्च से आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। जारी सूचना के अनुसार 31 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। इसके तहत 25 छात्र-छात्राओं का छात्रवृत्ति के लिए चयन किया जायेगा। चयनित छात्र-छात्राओं में अनुसूचित जनजाति के दस, अनुसूचित जाति के पांच,



पिछड़ा वर्ग के सात और अल्पसंख्यक समुदाय के तीन विद्यार्थी को यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नॉर्दर्न आयरलैंड के लिए चयनित विश्वविद्यालय या संस्थानों में उच्च स्तरीय शिक्षा की राज्य सरकार द्वारा सुविधा प्रदान की जायेगी। योजना के तहत अधिकतम 35 वर्ष की उम्र के एश्रासी, एसटी और ओबीसी विद्यार्थियों को 31 विषयों में मास्टर्स और एमफिल की डिग्री लेने के लिए विदेश में पढ़ाई का मौका राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, साहेबगंज**

**अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**
ई0–निविदा संख्या : **RDSpl/SAHIBGANJ/27/2023-24**

| क्र0/ ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | निविदा शुल्क (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साहेबगंज जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उधवा परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट(BPHU) का निर्माण कार्य। | 4948091/– | 5000/– | 99000/– | 6 माह |
| 2 | साहेबगंज जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहरवा परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट(BPHU) का निर्माण कार्य। | 4948091/– | 5000/– | 99000/– | 6 माह |
| 3 | साहेबगंज जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट(BPHU) का निर्माण कार्य। | 4948091/– | 5000/– | 99000/– | 6 माह |
| 4 | साहेबगंज जिला के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो परिसर में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट(BPHU) का निर्माण कार्य। | 4948091/– | 5000/– | 99000/– | 6 माह |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि : दिनांक 15.03.2024
2. ई0–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 22.03.2024 को 5.00PM बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 26.03.2024 को 2.00PM बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी। निविदा शुल्क की राशि किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं की जाएगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

नोट : विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,साहेबगंज

PR 322540 Rural Development(23-24).D

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



# केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर आज होगा शहद क्रांति का आगाज

## स्थापित होगी अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक बड़ी शहद टेस्टिंग लैब

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल**

**हनी हब बनने से क्षेत्र के शहद उत्पादक हजारों किसानों को मिलेगा निर्यात का अवसर**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/रांची।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में पूर्वी भारत में शहद क्रांति का आगाज होने जा रहा है। झारखंड में अंतरराष्ट्रीय स्तर की अत्याधुनिक बड़ी शहद टेस्टिंग लैब स्थापित की जायेगी, जिसका शिलान्यास 14 मार्च को केंद्रीय मंत्री श्री मुंडा करेंगे। इस क्षेत्र के हनी हब बनने से शहद उत्पादक हजारों किसानों को घरेलू बाजार में विस्तार के साथ ही निर्यात के अवसर भी प्राप्त होंगे, जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में, देश में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों तथा किसानों को प्राथमिकता केंद्र सरकार सदैव प्राथमिकता देती रही है। इसी क्रम में, झारखंड एवं आसपास के राज्यों-बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा आदि की अनूठी शहद किस्मों को अंतरराष्ट्रीय पहचान देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार के संस्थानों द्वारा मंत्री श्री मुंडा की पहल पर अत्याधुनिक वृहद शहद परीक्षण प्रयोगशाला तथा अन्य परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इनका शिलान्यास कार्यक्रम भाकृअनुप-राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान नामकुम, रांची, झारखंड में 14 मार्च को दोपहर में होगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद संजय सेठ तथा विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजन भी उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान तथा मधुमक्खीपालक शामिल होंगे। इस अवसर पर एकीकृत मधुमक्खी पालन विकास केंद्र एवं मधुमक्खी पालन और बांस संवर्धन परियोजना की भी सौगातें प्रदान की जायेगी। राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन तथा कृषि विज्ञान केंद्र- खूंटी, रांची, गुमला, सिमडेगा, सरायकेला, पश्चिमी सिंहभूम सहित विभिन्न संस्थान इसमें सहभागी है।

# लायंस क्लब इंटरनेशनल ने 'खुला चर्चा मंच' आयोजित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रोग्राम वन मल्टीपल, वन एक्टिविटी के तत्वावधान में केयर फॉर हर, के अंतर्गत, एनएसएस इकाई, विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने लायंस क्लब ऑफ रांची, के सहयोग से बुधवार को बालिकाओं के कल्याण और विकास के लिए एक खुला चर्चा मंच आयोजित किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर, मुख्य अतिथि एवं दो प्रतिभाशाली बेटियों के पिता, विभागाध्यक्ष, डॉ. विष्णु चरण महतो थे, जिन्होंने विभिन्न तरीकों से बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। एनएसएस समन्वयक और सचिव, लायंस क्लब ऑफ रांची, डॉ. पूनम निगम सहाय ने साइबर धोखाधड़ी के खिलाफ सावधानी बरतने और महिलाओं को उनकी पूरी क्षमता हासिल करने के लिए सफलतापूर्वक मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न तरीकों से निगरानी करने की आवश्यकता पर बात की। कई विद्यार्थियों ने विषय पर अपने विचार रखे. शोध स्कॉलर विश्वजीत, शशांक, रमन, प्रीति, नुकेश, सुप्रिया, हर्षिता ने भी विभिन्न उपायों और विषय पर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर बात की। कार्यक्रम धन्यवाद प्रस्ताव और यथासंभव कई तरीकों से 'उसकी देखभाल' करने की सच्ची प्रतिज्ञा के साथ समाप्त हुआ।

## सीएम ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा, तय सीमा में पूरा हों योजनाएं

# योजनाओं में गुणवत्ता के साथ समझौता बर्दाश्त नहीं: चंपाई

**योजना लंबित रहने से बढ़ जाती है लागत राशि, सरकार पर पड़ता है अतिरिक्त बोझ**

**लंबित योजनाओं की सूची एक सप्ताह में मांगी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने बुधवार को भवन निर्माण, जल संसाधन, पेयजल-स्वच्छता, नगर विकास, पथ निर्माण और ग्रामीण कार्य विभाग की 10 करोड़ की राशि से ऊपर की योजनाओं की समीक्षा की। कहा कि इन योजनाओं से राज्य की विकास की दिशा तय होगी। ऐसे में ये सभी योजनाएं समय पर पूर्ण हों और इसकी गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भी योजनाएं चल रही हैं, वह तय समय सीमा में पूरी हो जानी चाहिए। अगर योजनाओं में किन्हीं वजहों से विलंब हो रहा है, तो उसका त्वरित समाधान निकालें। जिस योजना की जो भी डेडलाइन तय है, उसी के अनुरूप कार्य में तेजी लाकर उसे पूरा करें, ताकि उसका लाभ यहां की जनता को मिल सके। मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं के लंबे समय से लंबित रहने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह राज्य हित में नहीं है। इससे योजनाओं की लागत राशि काफी बढ़ जाती है। इस वजह से सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ता है। ऐसे में जो भी लंबित योजनाएं हैं, उसको पूर्ण करने की दिशा में समुचित और त्वरित कदम उठाये जाये।

### गर्मी में पेयजल संकट नहीं होना चाहिए

**मुख्यमंत्री ने कहा कि गर्मी का मौसम आ रहा है। ऐसे में पेयजल का संकट नहीं हो, इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली जानी चाहिए। पेयजल से जुड़ी जो भी योजनाएं हैं उसे त्वरित गति दी जाये। इसके अलावा जरूरतों को ध्यान में रख कर पेयजल की योजनाओं की कार्य योजना तैयार कर उसका क्रियान्वयन करें।**

### विभागों के साथ समन्वय बना कर कार्य करें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे विभिन्न योजनाओं को लेकर संबंधित विभागों के बीच समन्वय बना कर कार्य करें, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार का व्यवधान आ रहा है, तो उसका निराकरण हो सके । उन्होंने कहा कि कई ऐसी योजनाएं होती हैं, जिसमें विभिन्न विभागों की भागीदारी होती है, ऐसे में वे विभाग मिल कर योजनाओं को गति देने का काम करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कौन परियोजना कब तक पूरी हो जायेगी, इसकी पूरी सूची तैयार कर एक सप्ताह के अंदर समर्पित करें, ताकि उसके समाधान की दिशा में कार्रवाई हो सके।

मुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सिंचाई और जलाशय से जुड़ी परियोजनाओं में इस बात का पूरा ख्याल रखें कि डूब क्षेत्र में कम से कम गांव प्रभावित हों। ऐसे में सिंचाई परियोजनाओं में आधुनिकतम तकनीक का इस्तेमाल किया जाये।

### इनकी रही मौजूदगी

मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, प्रधान सचिव सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव मनीष रंजन, सचिव के श्रीनिवासन, सचिव चंद्रशेखर और सचिव राजेश शर्मा समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

# कॉमेडके यूजीइटी और यूनीगेज प्रवेश परीक्षा 12 मई को

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** कॉमेडके यूजीइटी और यूनीगेज प्रवेश परीक्षा 12 मई को संयुक्त परीक्षा के रूप में आयोजित होने वाली है, जिसमें क्रमशः कर्नाटक के 150 से अधिक इंजीनियरिंग कॉलेजों और भारत भर के 50 से अधिक प्रतिष्ठित निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा सकता है। झारखंड में पांच सेंटर बनाये गये हैं। इनमें रांची, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर और हजारीबाग शामिल है। यह जानकारी कॉमेडके के एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी डॉ कुमार और इआरए फाउंडेशन के सीइओ पी मुरलीधर ने दी। पूरे भारत से उम्मीदवार परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी कॉमेडके या यूनीगेज के वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया पांच अप्रैल तक हो सकेगी।



# टाइमिंग पर उठ रहा सवाल

नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लाये जाने के करीब चार साल बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उसे लागू करने की घोषणा कर दी। जब यह कानून लाया गया था, तब इसके खिलाफ काफी लंबा शांतिपूर्ण विरोध हुआ था। इसे नोटिफाई करने में इतनी देर के पीछे एक तर्क यह भी है कि सरकार चाहती थी दोबारा इस मुद्दे पर देश में उस तरह के हालात न बनें। हालांकि कई वजहों से शुरुआती प्रतिक्रियाएं बता रही है कि इस बार भी इसने बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान खींचा है। पहली वजह तो यही है कि सरकार ने इसके नोटिफिकेशन का जो वक्त चुना, वह लोकसभा चुनावों से ठीक पहले का है। विपक्ष ने इसे भी एक आरोप बनाया है कि सरकार की यह घोषणा सत्तारूढ़ पार्टी को इसका चुनावी लाभ दिलाने के मकसद से प्रेरित है। वैसे, सरकार और सत्तारूढ़ दल की तरफ से यह बात कही जा सकती है कि पिछली बार भाजपा ने अपने घोषणापत्र में कहा था, सीएए को लागू किया जायेगा। ऐसे में चुनाव से पहले इसे लागू करना उसका दायित्व था।ः पिछली बार अगर सीएए के खिलाफ तीव्र भावनाएं फैलीं, तो उसकी एक बड़ी वजह यह भी थी कि सीएए के साथ एनआरसी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजंस) को जोड़ कर देखा जा रहा था। इस बार एनआरसी की कोई बात नहीं की गयी है। हालांकि विपक्ष के कुछ नेता आशंका जता रहे हैं कि सीएए के बाद एनआरसी को भी लागू किया जायेगा, लेकिन सरकार ने अभी ऐसा कोई संकेत नहीं दिया है। इसके बावजूद असम और पश्चिम बंगाल जैसे कुछ राज्यों में इसका शुरुआती विरोध देखा गया है। पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री यह भी कह चुके हैं कि वे अपने राज्य में इसे लागू नहीं करेंगे, लेकिन फिलहाल इसे अपने-अपने समर्थक वोटर समूहों को संबोधित करने, उन्हें आश्वस्त करने की ही कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। जहां तक इस कानून के प्रावधानों की बात है, तो उसके पक्ष-विपक्ष में पहले ही काफी बातें हो चुकी हैं। यह धर्मनिरपेक्षता की संवैधानिक शर्त पर खरा उतरता है या नहीं, इससे जुड़ा एक मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। सोमवार के नोटिफिकेशन के बाद एक बार फिर नजरें कोर्ट की ओर घूमी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस पर सुनवाई की प्रक्रिया तेज होगी और शीर्ष अदालत इस धुंध को समय रहते साफ करेगी। चुनावी लाभ-हानि का जो भी गणित हो, यह उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी पक्ष इस मसले पर संवेदनशीलता और संयम बनाये रखेंगे। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन लोगों का अधिकार जरूर है, लेकिन इससे देश में अमन पसंद नागरिकों का दैनिक जीवन प्रभावित होने लग जाये तो यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कही जायेगी।

**सोमवार के नोटिफिकेशन के बाद एक बार फिर नजरें कोर्ट की ओर घूमी हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस पर सुनवाई की प्रक्रिया तेज होगी और शीर्ष अदालत इस धुंध को समय रहते साफ करेगी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**परिवारों में बंटती कृषि भूमि एवं छोटे किसानों की पहुंच से दूर आधुनिक टैक्नोलॉजी के परिणामस्वरूप घटती उपज से खेती घाटे का सौदा है। इस वित्त वर्ष के खरीफ व रबी सीजन के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने खाद्यान्न उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 41 लाख टन घटने की आशंका जतायी है। देश में कृषि संकट की जड़ें बहुत गहरी हैं। इसके टिकाऊ समाधान के अभाव में संकट बढ़ता जा रहा है।**

# चिंताजनक कृषि विकास दर, नीति-समर्थित दखल की दरकार

**डॉ अमृत सागर मित्तल**



वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 7.6 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर कृषि क्षेत्र की विकास दर 1 प्रतिशत से भी नीचे होना चिंताजनक है। अप्रैल से दिसंबर तक तीन तिमाहियों में कृषि की 0.8 प्रतिशत विकास दर 31 मार्च को समाप्त होने वाले मौजूदा वित्त वर्ष में 0.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पिछले 10 वर्ष में सबसे कम होगी। 65 प्रतिशत परिवारों को रोजगार देनेवाला देश का कृषि सेक्टर कई चुनौतियों से जूझ रहा है।

परिवारों में बंटती कृषि भूमि एवं छोटे किसानों की पहुंच से दूर आधुनिक टैक्नोलॉजी के परिणामस्वरूप घटती उपज से खेती घाटे का सौदा है। इस वित्त वर्ष के खरीफ व रबी सीजन के लिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने खाद्यान्न उत्पादन पिछले वर्ष की तुलना में 41 लाख टन घटने की आशंका जतायी है। देश में कृषि संकट की जड़ें बहुत गहरी हैं। इसके टिकाऊ समाधान के अभाव में संकट बढ़ता जा रहा है। पांच बड़ी समस्याएं भारत के कृषि विकास में रुकावट हैं।

पहला संकट किसानों की घटती आय है। देश के 86 प्रतिशत छोटे किसान परिवारों की आय घट रही है या स्थिर है, जिससे पारंपरिक पारिवारिक खेती में सुधार के लिए पूंजी निवेश नहीं हो पा रहा। परिवार चलाने के लिए ये किसान दूसरे के खेतों में मजदूरी के लिए मजबूर हैं। दूसरा, प्राकृतिक संसाधन, विशेष कर मिट्टी एवं जल की गिरती गुणवत्ता भविष्य की खेती के लिए बड़ा संकट है। तीसरा, किसानों की युवा पीढ़ी को एक आकर्षक रोजगार के रूप में खेती पर निर्भर रहने में भरोसा नहीं, इसलिए वे छोटी-मोटी नौकरी के लिए शहरों एवं विदेशों की ओर भाग रहे हैं। चौथा, जलवायु संकट किसानों की बरसों की कड़ी मेहनत से हासिल की गयी खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा है। पांचवां, कृषि क्षेत्र की बहुमुखी चुनौतियों का समाधान करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकारों की असरदार एवं कारगर पॉलिसी नहीं है। कृषि क्षेत्र की तमाम चुनौतियों से पार पाकर किसानों को सक्षम एवं समृद्ध बनाने के लिए एक सही पॉलिसी के दखल की दरकार है।

**निचोड़ यह है कि एक साथ कई चुनौतियों का सामना कर रहे देश के कृषि सेक्टर को संकट से निकालने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।**

**कृषि भूमि :** भारतीय किसानों को छोटी जोत के कारण बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो दशक में देश में औसत भूमि जोत घट कर 1.08 हेक्टेयर रह गयी है, जो विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। छोटी जोत के रकबे में पैदावार बढ़ाने के लिए नये तरीके अपनाने की जरूरत है। छोटी जोत वाले किसान मिलकर अपने सामूहिक नेटवर्क के दम पर खेती के लिए कर्ज से लेकर खाद, बीज एवं अन्य संसाधनों पर लागत घटा सकते हैं। इस पहल से कृषि को और अधिक फायदेमंद बनाने में मदद मिल सकती है। छोटी जोत के लिए उपयुक्त आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं मशीनीकरण का उपयोग करने के सर्वोत्तम तरीकों के बारे में किसानों को जागरूक करने से लाभ मिलेगा।

**टेक्नोलॉजी का उपयोग :** हमेशा मौसम के मिजाज पर निर्भर रहने वाले किसान खेती पर जलवायु परिवर्तन के असर के कारण आर्थिक रूप से कमजोर हो रहे हैं। इन हालात में कृषि की उत्पादकता बढ़ाने एवं इसे फायदेमंद बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाना जरूरी है। सरकार को रिसर्च एंड डेवलपमेंट (आर एंड डी) पर खर्च बढ़ाना चाहिए। देश के कृषि बजट का केवल 0.3-0.5 प्रतिशत आर एंड डी पर खर्च होता है, जबकि अमरीका में 2.8, चीन 2.1, दक्षिण कोरिया 4.3 एवं इसराइल अपने कृषि बजट का 4.2 प्रतिशत आर एंड डी पर खर्च करते हैं। आर एंड डी में कम निवेश कृषि सेक्टर की कई चुनौतियों से निपटने में एक बड़ी बाधा है।

हम एक ऐसे युग में रह रहे हैं, जहां टैक्नोलॉजी कृषि क्षेत्र में नयी क्रांति ला सकती है। हाइब्रिड टेक्नोलॉजी, बायो-टेक्नोलॉजी, संरक्षित खेती, सटीक खेती, बायो एनर्जी, फसलों का बायोफोटफिकेशन, रिमोट सैंसिंग, इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी आदि के इस्तेमाल को तत्काल बढ़ाना होगा। पूवार्नुमानित विश्लेषण, ड्रोन, सैंसर, आर्टिफिशियल इंटैलीजेंस (एआइ) और इंटरनैट ऑफ थिंग्स (आइओटी) जैसी नयी टैक्नोलॉजी किसानों को प्राकृतिक संसाधनों की संभाल के साथ सटीक कृषि पद्धतियों को अपनाकर आपदाओं से निपटने में सक्षम बनाया जा सकता है।

जिन देशों ने जैनेटिकली इंजीनियर्ड टैक्नोलॉजी को अपनाया है, वहां के किसानों को उपज बढ़ाने व लागत घटाने में मदद मिली है। भारत का 30 प्रतिशत अनाज उत्पादन अभी भी पारंपरिक किस्मों पर अटका है। समय की मांग है कि देशभर के अधिक से अधिक किसानों तक उन्नत बीज टैक्नोलॉजी की पहुंच हो। विभिन्न कृषि कार्यों से जुड़े तनाव को कम करते हुए खाद, बीज, कीटनाशक और प्राकृतिक संसाधनों के कुशलतापूवर्क प्रयोग से उपज बढ़ाने की राह आसान होगी।

**कृषि उद्यमी की तरह तैयार करें युवाओं को :** देश की 25 प्रतिशत आबादी 15 वर्ष से कम उम्र की है। कृषि व्यवसाय के वैश्वीकरण व खाद्य सुरक्षा के संदर्भ में कृषि क्षेत्र में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना जरूरी है। बायो-टैक्नोलॉजी और जैनेटिक इंजीनियरिंग जैसी नये युग की टैक्नोलॉजी आधारित शिक्षा से खाद्यान्न उत्पादन में आ रही समस्याओं और उनके समाधान समझने में मदद मिल सकती है। युवा पीढ़ी को सफल कृषि उद्यमियों के रूप में विकसित करने के लिए कृषि के व्यावहारिक कौशल व उद्यमशीलता की क्षमताओं को सबसे अधिक महत्व देना देश के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए जरूरी है। खेती की साख बनाये रखने के लिए इसे युवाओं के बीच एक आकर्षक करियर का विकल्प बनाये जाने की जरूरत है।

दॅ फ्यूचर एग्रीकल्चरल लीडर्स ऑफ इंडिया (एफएएलआइ) कार्यक्रम जैसी पहल युवाओं को खेती से जोड़ने में कुछ सफल रही है। इस पहल ने एक दशक से भी कम समय में किसान परिवारों के करीब 13,000 छात्राओं को खेती से सफलतापूर्वक जुड़ने के लिए सशक्त बनाया है। खेती क्षेत्र में उच्च शिक्षा के साथ इन्हें खेतों के दौरे, किसानों से बातचीत, खेती संबंधी बिजनेस योजनाओं की प्रतियोगिताओं और अत्याधुनिक कृषि एवं इससे संबंधित व्यवसाय की ट्रेनिंग सुविधा से यह संभव हो सका है।

निचोड़ यह है कि एक साथ कई चुनौतियों का सामना कर रहे देश के कृषि सेक्टर को संकट से निकालने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है, जिसमें किसानों, नीति निमार्ताओं, कृषि वैज्ञानिकों और प्राइवेट सैक्टर समेत सभी हितधारकों को शामिल करने से ही चुनौतियों से पार पाया जा सकता है। कृषि संबंधी तमाम सरकारी पॉलिसी एवं प्लानिंग को असरदार ढंग से लागू करने में किसानों की भूमिका केवल लाभार्थी तक सीमित रखने की बजाय उन्हें भागीदार बनाए जाने की जरूरत है।

**(लेखक : सोनालीका के वाइस चेयरमैन और कैबिनेट मंत्री रैंक में पंजाब इकोनॉमिक पॉलिसी एवं प्लानिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन भी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### मंगल कालिंदी ने किया कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भूमिपूजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटमदा।** झारखंड सरकार के निर्देश पर राज्य में शिक्षा नीति को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास जारी है। बुधवार के जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा में बांगुड़दा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का सुदृढ़ीकरण व बुनियादी ढांचा की तैयारी के लिए भूमिपूजन का आयोजन किया गया। मौके पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के द्वारा नारियल फोड़कर भूमि पूजन किया गया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा पटमदा के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में भवन की कमी के कारण छात्राओं को पठन पाठन में काफी दिक्कतो का सामना करनी पड़ती थी। बीते दिनों उन्होंने नया भवन निर्माण के लिए मांग रखी थी, जिसे पूरा करने के लिए सरकार से आग्रह किया गया था। बुधवार को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के द्वारा 5 करोड़, 64 लाख,63 हजार 350 रुपये की लागत से विकास कार्य का स्वीकृत मिलने पर भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। ताकि नये भवन का निर्माण होने से छात्राओं को पढ़ाने में सोहलियत हो सके। विधायक ने कहा जर्जर हो चुके पुराने भवन का भी मरम्मत और सुदृढ़ीकरण किया जायेगा। उन्होंने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए निर्देश दिया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, उप प्रमुख श्रीदेवी माझी,सुभाष कर्मकार,अश्विनी महतो,भाजपा नेता प्रदीप कुमार महतो, प्रधान महतो, करमु गोप, अबोध कालिंदी, सिजेन हेम्ब्रम, स्वपन महतो, माणिक महतो, रामपद महतो समेत अन्य मौजूद रहे।

### भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर किया मंथन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर संसदीय सीट पर भाजपा बीते दो बार से लगातार जीत दर्ज करती आई है। साकची स्थित लोकसभा चुनावी कार्यालय में बैठक के दौरान भाजपा झारखंड प्रदेश के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा शामिल हुए। मौके पर उन्होंने बैठक में मौजुद महानगर और पुर्वी सिंहभूम के भाजपा जिला पदाधिकारी,छह विधानसभा के प्रभारी, संयोजक व सह संयोजक के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारियों व रणनीति पर व्यापक चर्चा की। इस दौरान जमशेदपुर लोकसभा संयोजक नंदजी प्रसाद ने चुनाव के निमित्त अबतक की तैयारियों का संपूर्ण रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत की।प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने नेताओं को लोकसभा चुनाव की जीत का मूल मंत्र देकर तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा पार्टी के चुनावी कार्य प्रारंभ हो गए हैं। जिसको लेकर कार्यकताओं को जो भी दायित्व दिए गए हैं, वे सभी अपने-अपने दायित्वों को लेकर मंडल के संबंधित पदाधिकारी एवं बूथ समिति तक जाएं और उन्हें इसकी जानकारी देकर कार्यों का निष्पादन करें। कर्मवीर सिंह ने कहा हमें बूथों पर 10% मतदान भाजपा के पक्ष में सुनिश्चित करने हेतु तैयारियों को बूथ स्तर तक लेकर जाना है। इसके लिए अपने बूथ पर पिछली बार के मुकाबले 370 वोट अधिक लाने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करना है। बैठक के दौरान प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने बूथों को सशक्त बनाने हेतु कई निर्देश भी दिए।वहीं प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने बैठक में विधानसभा वार विभिन्न विभागों के दायित्व निर्धारण के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी छह विधानसभा के प्रभारी, संयोजक एवं सह संयोजकों से अति शीघ्र सभी तैयारियों को पूर्ण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनावी दिनों में सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ सूचीबद्ध कर समय से पूर्ण करें। इसके लिए विभिन्न विधानसभा में कार्यों का बंटवारा किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को साकार करने के लिए जमशेदपुर लोकसभा सीट से विद्युत वरण महतो को पिछली बार से अधिक मतों से विजयी बनाने के लिए पूरी तैयारी एवं रणनीति के तहत कार्य करें।



### ग्रामीण विकास मंत्री ने सड़कों की दी सौगात



**पाकुड़(आजाद सिपाही)। सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री सह पाकुड़ विधायक आलमगीर आलम बुधवार को ने सदर ब्लॉक के श्रीरामपुर से काशियाडण्डा तक पथ निर्माण के लिए 190.50 लाख को पुनरीक्षित करते हुए 116.25 लाख रुपए को राज्याशं मद से व्यय की स्वीकृति प्रदान करने की सौगात मंत्रिपरिषद की बैठक में स्वीकृति दी । इस पथ की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र की जनता मे काफी हर्ष है । मंत्री आलमगीर आलम ने सड़क की स्वीकृति प्रदान करने पर राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सौरेन का आभार प्रकट कर कहा कि इस सड़क बनने से क्षेत्र के लोगो को लघु एवं कुटीर उद्योग कार्य में काफी सुविधा मिलेगी ।**

### दोहरे हत्याकांड का खुलासा: नाराज प्रेमी ने दिया घटना को अंजाम

**रांची(आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के पंडरा ओपी पुलिस ने दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक की बेटी के प्रेमी ने पूरे घटना को अंजाम दिया था। शादी का प्रस्ताव ठुकराये जाने के बाद 50 हजार में पिस्टल और कट्टा खरीद कर इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों में रातू थाना क्षेत्र के तितला निवासी राम मुंडा और इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव निवासी अलाउद्दीन अंसारी के नाम शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर एक देसी कट्टा, एक गोली, बाइक, एक छोटी डायरी सहित अन्य सामान बरामद किये गये हैं। घटना के उद्भेदन के लिए कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआइटी टीम का गठन किया गया। एसआइटी टीम ने सभी बिंदुओं पर गहराई से अनुसंधान किया, तो मृतक बिरसा उरांव के छोटी बेटी अनिमा टोप्पो के प्रेमी राम मुंडा के द्वारा दोहरे हत्याकांड की घटना को अंजाम दिये जाने की जानकारी मिली। पुलिस राम मुंडा से घटना के बारे में पूछताछ की, तो बताया कि मृतक बिरसा उरांव के छोटी बेटी अनिमा टोप्पो से पिछले छह-सात वर्ष से प्रेम प्रंसग चल रहा था। दोनों शादी करना चहते थे। इसको लेकर राम मुंडा ने अपनी शादी का प्रस्ताव अनिमा टोप्पो के पिता से रखा, परंतु बिरसा उरांव शादी के लिए राजी नहीं हुआ और अपनी बेटी को राम मुंडा से बातचीत करना बंद करा दिया। इसके बाद भी बिरसा की बेटी अनिमा और राम मुंडा के बीच मिलना और बातचीत जारी रही। इस बात की जानकारी बिरसा उरांव मिली, तो बेटी को मारपीट करने लगा और राम मुंडा को भी पूरे परिवार के साथ जान मारने का धमकी देने लगा। इस पर राम मुंडा के द्वारा बिरसा उरांव को रास्ते से हटाने की योजना बनायी गयी। राम मुंडा ने 50 हजार रुपये में अलाउद्दीन अंसारी से एक देशी ऑटोमेटिक पिस्टल और एक देशी कट्टा और 18 गोली खरीदी। 21 फरवरी की शाम घटनास्थल के पीछे स्थित खेत की ओर से बिरसा उरांव के घर गया तो घर में देखा कि बिरसा उरांव आंगन में कुर्सी पर बैठा है और उसकी पत्नी सामने ही चूल्हे पर सब्जी बना रही है। इस पर राम मुंडा नजदीक जाकर पीछे से बिरसा उरांव को सिर में गोली मार दी। इसके बाद तीन चार राउंड फायरिंग की। यह सब देख कर बिरसा की पत्नी चिल्ला कर राम मुंडा को पकड़ने लगी, तो राम मुंडा ने उसके ऊपर भी दो-तीन राउंड फयरिंग की। इसके बाद पीछे के रास्ते से खेत होते हुए रातू तिलता की ओर भाग गया।**

### अखंड तिरंगा यात्रा 23 मार्च को, काले ने युवाओं संग बैठक कर शहीदों को नमन करने का किया आह्वान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहीदों के सम्मान में 23 मार्च को विशाल अखंड तिरंगा यात्रा की तैयारी जोरो पर है। नमन संस्था के संरक्षक अमरप्रीत सिंह काले और उनके टीम के द्वारा तिरंगा यात्रा को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास जारी है। मौके पर श्री काले ने आदित्यपुर वार्ड 20 के काली मंदिर प्रांगण में युवाओं संग बैठक की। बैठक में सभी राजनीतिक दलों के सैकड़ो युवा शामिल रहे। मौके पर उन्होंने 23 मार्च को अखंड तिरंगा यात्रा में युवाओ को ज्यादा से ज्यादा की संख्या में उपस्तित होने की अपील की। साथ ही शहीदों को नमन करने का आह्वान किया। श्री काले ने कहा नमन संस्था के द्वारा वर्ष 2016 से शहीद भगत सिंह, सुखदेव,राजगुरु के शहादत दिवस पर अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा भव्य रूप से निकाली जाती है। इस वर्ष यात्रा को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां की जारही है। उन्होंने युवाओं को ज्यादा से ज्यादा की संख्या उपस्थित होने की अपील की। मौके पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सावन गुप्ता,कुंदन थापा, सतीश कुमार,कांग्रेस नगर अध्यक्ष राहुल यादव, गुरजीत सिंह, देव महतो,सूरज तिवारी, सूरज सिंह,मनीष प्रसाद,रोहित कुमार, रोशन कुमार, केदार जयसवाल,शान मोहंती, विकास गुप्ता, जयदीप शर्मा,रविशंकर शर्मा, रामचंद्र बढ़ई, पारस गुप्ता, गोपाल पोद्दार,दीपू दास, अनुज महतो, आशीष गुप्ता,रवि गोराई, राजेश सोनकर, राहुल गुप्ता, मनोज महतो, अमर रकज,तपन घुनिया,विजय घटक, दिलीप साह सहित सैकड़ो युवा शामिल रहे।

### चतरा लोकसभा क्षेत्र के अल्पसंख्यक समुदाय की बैठक हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बालूमाथ।** बालूमाथ मुख्यालय स्तिथ होटल रोज गार्डन में बुधवार को चतरा लोकसभा क्षेत्र के चतरा सिमरिया एवं लातेहार विधानसभा क्षेत्र के मुस्लिम समाज ने एक बैठक आयोजित की , जिसकी अध्यक्षता अब्दुल्लाह अंसारी चतरा ने की । वही उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव चतरा जिला बिससूत्री सदस्य अतीक मंसूरी ने कहा कि आज तक मुसलमान इंडिया गठबंधन को वोट देने का काम किया है , लेकिन इंडिया गठबंधन मुस्लिम को पॉकेट का वोट समझ लिया है और मुस्लिम का हक और अधिकार इंडिया गठबंधन द्वारा नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में लगभग सवा 3 लाख मुसलमानों की आबादी है । हम लोग जीतना चाहते हैं जीत जाते हैं और जिनको हराना चाहते हैं हरा देते हैं फिर भी।हम लोगों को छलने का कार्य आज तक किया गया है। लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा , जिसकी जितनी भागीदारी उतनी उसकी हिस्सेदारी देना पड़ेगा ।वहीं बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि चतरा लोकसभा क्षेत्र के 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल मुसलमानों का एक कमेटी बनाया जाएगा एवं इंडिया गठबंधन के नेताओं से मिलकर मुस्लिम प्रत्याशी देने की मांग की जाएगी। अगर इंडिया गठबंधन हम लोगों की बातें को नजर अंदाज करेगा तो हम लोग पुनः अगला बैठक कर कठोर कदम उठाने का निर्णय लेंगे । वहीं बैठक में उपस्थित कई मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध लोगों ने मुसलमानों को वोट लेकर नजर अंदाज करने एवं मुसलमानों को एकजुट रहने का आह्वान किया है ।इस बैठक में सुभान मियां टंडवा ,लातेहार झामुमो नेता समसूलोदा ,हेरहंज प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लाडले खान, मोहम्मद मुजम्मिल, मौलाना अब्दुल वाजिद चतुवेर्दी ,मोहम्मद सलाउद्दीन, वजीर अंसारी, मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद फारूक ,मनीर आलम ,मोहम्मद साबिर ,मोहम्मद फिरोज प्रतापपुर, मोहम्मद खुर्शीद खान प्रतापपुर ,मोहम्मद शमीम अंसारी, फैयाज अहमद हंटरगंज, तोहिद आलम , मोहम्मद अफजल ,अब्दुल रहमान , समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 14 मार्च, 2024
www.azadsipahi.in
07

# अधिकारी जनता के कार्यों को छोड़ बालू के पीछे लगे हैं : भानु प्रताप शाही

आजाद सिपाही संवाददाता





**श्री बंशीधर नगर।** भवनाथपुर विधानसभा से एक ही परिवार को सात बार जीता कर विधानसभा भेजने वाली भवनाथपुर विधानसभा की जनता विकास के लिए वर्षो तरसती रही है। विकास की नई गाथा भानु प्रताप शाही के विधायक बनने के बाद इस क्षेत्र में लिखी गई है। उक्त बातें भाजपा नेता सह भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने नगर ऊंटारी प्रखंड के भोजपुर, अधौरी, सलसलाड़ी, हलिवंता, पंचायत में कई विकास योजनाओं का शिलान्यास करने के अवसर पर उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा। भानु प्रताप शाही ने पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनन्त प्रताप देव पर सीधा प्रहार करते हुए कहा की उनके परिवार को इस क्षेत्र की जनता सात बार विधायक बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जो अब इस धरती पर नहीं है उनकी बात नहीं की जानी चाहिए। पर जो यहाँ है उनसे पुछना चाहिए कि उन दोनों भाइयों ने कौन सा विकास कार्य किया है। उन दोनों भाइयो का किया हुआ एक विकास कार्य नजर नही आता है। दोनो भाइयो को जनता को अब जवाब देना ही होगा। उन्होंने कहा कि पूरे प्रखंड के विभिन्न गांव में विकास की गंगा को बहाने का काम किया है तो वह आपका बेटा, आपका भाई, आपका भतीजा, भानु प्रताप शाही है। उन्होंने कहा कि देश आज यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चौमुखी विकास कर रहा है विकास की गाथा पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो रची है वह पूरे विश्व देख रहा है। भारत के विकास को विश्व आज सम्मान कर रहा है। श्री शाही ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी का भेजा हुआ गरीबों के लिए आवास, बुजुर्गों के लिए पेंशन, किसानों के लिए प्रधानमंत्री सम्मान निधि के तहत सहायता एवं हर गांव गांव पानी, हर गरीब का खाता बैंकों में खुलवाकर उन्हें सम्मान देने का काम किया जबकि झारखंड की सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार है जो अबुआ आवास के नाम पर बबुआ लोगो को लूट की छूट दे रखी है जिससे जनता त्राहि त्राहि है। विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रखंड की में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायतों पर बोलते हुए कहा कि प्रखंड कर्मियों को जनता की सेवा साफ दिल से करना चाहिए गरीबों की पैसा उगाही कर वह सुखी नहीं रह पाएंगे सरकार उनसे गलती करवा रही है। उनके गलत कार्य करवा के उन्हें फसा रही है वह सचेत रहें। आज बालू सोना ही गया है अधिकारी जनता के कार्यो को छोड़ बालू के पीछे लगे हुए है।

## दीवार गिरने से युवक की मौत

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत जरही गांव निवासी मुखदेव चौधरी के 35 वर्षीय पुत्र नवल चौधरी अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए पैसा कमाने बाहर राज्य गोवा गया हुआ था। गोवा में वह मेघावाड कंपनी में काम कर रहा था। बुधवार को सैटरींग के काम करने के दौरान पास में ही बना ब्लॉक दिवार उसके उपर गिर गई। जिससे उसकी मौत हो गई।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–68/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.03.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 19.03.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 19.03.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Office Building, Boundary wall, Staff Quarter, Campus Development and Other Miscellaneous work at Forest Bungalow No.-2 (Minister Residence) at Doranda, Ranchi | 4803500.00 | 96100.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 322425 (Building) 23-24 (D)

## उपायुक्त ने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया





**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मनरेगा अंतर्गत संविदा आधारित तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा साहयक तथा कम्प्यूटर सहायक को बुधवार को समाहरणालय गढ़वा के सभागार में उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता मतीयश विजय टोप्पो, निदेशक डीआरडीए रवीश राज सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह समेत अन्य की उपस्थिति में नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

## 47 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बाहर कमाने गए मकरी के निमिया टोला निवासी स्व संतर राम के 47 वर्षीय पुत्र अक्षयवर राम की मौत ईलाज के दौरान उड़ीसा के कटक हॉस्पिटल में हो गई। बुधवार के सुबह मृतक का शव उसके पैतृक आवास पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से माहौल गमगीन हो गया। मृतक का दाह संस्कार बगही नदी के श्मशान घाट पर किया गया। परिजनों के अनुसार अक्षयवर राम सात माह पूर्व ही उड़ीसा राज्य एक निजी कम्पनी में काम करने गया था, वहाँ वह कई दिनों से बीमार था इलाज के क्रम में उसकी मौत हों गई।

## 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की समीक्षा बैठक



**रमना (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में 20सूत्री क्रियानवन समिति की बैठक बुधवार को मंसूर अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रखंड कार्यालय में चल रहे विकास योजनाओं को विस्तार से समीक्षा करते हुवे कई अहम फैसले लिए गए। जिसमें डीलर द्वारा लाभुकों को शत प्रतिशत राशन वितरण करने,प्रखंड के कई विद्यालयों में अधुरे कराए गए दीवाल रंग रोगन कि जांच कराते हुए दोषियों पर करवाई करने को लेकर सबंधित अधिकारियों को अवगत कराने का निर्णय लिया गया। गर्मी को देखते हुए खराब चांपकालो व जलमिनार को सुधार कराने का बात कही गई। वही सरकारी विद्यालयों में प्राथमिकता अनुसार शौचालय निर्माण कराने,साथ ही तबादला हुए पंचायत सेवक को दो दिनों के अंदर प्रभार लेने का निर्देश दिया गया। वहीं मनरेगा योजना का डिमांड नहीं करने व बैठक में नदारद रहने वाले कर्मियों पर नाराजगी जाहिर करते हुए बीस सूत्री अध्यक्ष मंसूर अंसारी ने स्पष्टीकरण निकालने की बात कही। मौके पर सीओ सह बीडीओ वसुदेव राय,थाना प्रभारी असफाक आलम,प्रधान सहायक रामानुज शुक्ला,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह,पीएचडी सहायक अभियंता राजेश कुमार, विक्रांत कुमार,आनंद कुमार,20 सूत्री सदस्य भगवान यादव, सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## मां दुर्गा मंदिर स्थापना दिवस पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दिया 15 हजार रुपये का सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका अनुमंडल थाना मोड़ स्थित माँ दुर्गा (मंदिर) का पांचवा स्थापना दिवस समारोह बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आचार्यो के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ हवन किया गया। इस अवसर पर स्थापना कमेटी के द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्य पान निषेध मंत्री मिथिलेश ठाकुर के प्रतिनिधि के रूप में जिला बीस सूत्रि उपाध्यक्ष नितेश सिंह शामिल हुए और मंत्री मिथिलेश ठाकुर के सौजन्य से स्थापना कमेटी को 15 हजार रुपये का सहयोग राशि प्रदान किया। इनके साथ झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के युवा जिलाध्यक्ष विधायक प्रतिनिधि वन एवं पर्यावरण संजय सिंह छोटू, रंका प्रखंड विधायक प्रतिनिधि अनिल चंद्रवंशी , युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक सोनी, रंका कला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया, श्याम सुंदर प्रसाद, जिपस देवेंद्र नाथ तिवारी, राजीव ठाकुर, सूरज रजक, संतोष चंद्रवंशी, राजेन्द्र सिंह खरवार, नंद कुमार जी सहित काफी संख्या में स्थापना पूजा कमेटी के लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड मुख्यालय में सुझाव पत्र कार्यक्रम आयोजित



**कांडी (आजाद सिपाही)।** विकसित भारत अभियान के तहत कांडी प्रखंड मुख्यालय में सुझाव पत्र कार्यक्रम किया गया। इसके तहत भाजपा कार्यकताओं के साथ साथ किसान व मजदूर वर्ग के लोगों ने सुझाव पेटी में अपना अपना सुझाव दिया।सुझाव के साथ साथ केंद्र सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जनहित में संचालित करने के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार भी जताया। वहीं कई लोगों ने अबकी बार फिर मोदी सरकार को प्रधानमंत्री बनाने के लिए नरेंद्र मोदी के दूत विष्णु दयाल राम को रिकॉर्ड मत से जीताने का संकल्प भी लिया।कार्यक्रम में भाजपा किसान मोर्चा जिला के गढ़वा जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, शशि रंजन दुबे,विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह, चंद्रमणी मिस्रा, रामलखन चंद्रवंशी, संजय प्रसाद, ब्रजेश यादव, अंजू देवी, राजू कुमार, इंद्रदेव प्रसाद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

64वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़ (पार्ट–09)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री भुनेष्वर महतो द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुषंसा एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री निवारण प्रसाद एवं भुनेष्वर महतो द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 522. | 1. आवेदन क्र0–1538/24<br>2. आवेदक–जमेदार महतो , पिता–जगन महतो<br>3. ग्राम–मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 523. | 1. आवेदन क्र0–1539/24<br>2. आवेदक–सुषीला देवी , पति–जमेदार महतो<br>3. ग्राम–मुरूडीह , पोस्ट–संग्रामपुर , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 524. | 1. आवेदन क्र0–1540/24<br>2. आवेदक–गहनु महथा , पिता–झबरू महथा<br>3. ग्राम–हेमंतपुर , पोस्ट–सोसोकलां , थाना–गोला , प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 525. | 1. आवेदन क्र0–1541/24<br>2. आवेदक–माधुरी देवी , पति–अनिल प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–मुरीमकलां , पोस्ट–गोसा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 526. | 1. आवेदन क्र0–1542/24<br>2. आवेदक–अनिल यादव , पिता–स्व0 रोहन महतो<br>3. ग्राम–मुरीमकलां , पोस्ट–गोसा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 527. | 1. आवेदन क्र0–1543/24<br>2. आवेदक–बालेष्वर महतो , पिता–नेमा महतो<br>3. ग्राम–गोबरदरहा , पोस्ट–कैथा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया कान के सामने तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 528. | 1. आवेदन क्र0–1544/24<br>2. आवेदक–बानेष्वरी देवी , पति–सुरेन्द्र महतो<br>3. ग्राम–कांकेबार , पोस्ट–गोसा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 529. | 1. आवेदन क्र0–1545/24<br>2. आवेदक–नीलरतन महतो , पिता–रमी महतो<br>3. ग्राम–कांकेबार , पोस्ट–गोसा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 530. | 1. आवेदन क्र0–1546/24<br>2. आवेदक–तारा देवी , पति–गिरधारी महतो<br>3. ग्राम–कांकेबार , पोस्ट–गोसा , थाना–रामगढ़ , प्रखण्ड–रामगढ़<br>4. लिंग–महिला , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाई हाथ में लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 531. | 1. आवेदन क्र0–1232/24<br>2. आवेदक–मोहरी देवी , पति–रंजन महतो<br>3. ग्राम–महिलौंग , पोस्ट–महिलौंग , थाना–टाटीसिलवे , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 532. | 1. आवेदन क्र0–1233/24<br>2. आवेदक–दिलेष्वर चौधरी , पिता–भानु चौधरी<br>3. ग्राम–पीर्तोल , पोस्ट–अंगारा , थाना–अंगारा , प्रखण्ड–अंगारा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 533. | . आवेदन क्र0–944/24<br>2. आवेदक–तारो देवी , पति–महेन्द्र महतो<br>3. ग्राम–मेरूदारू , पोस्ट–अरजुआ , थाना–पेटवार , प्रखण्ड–पेटवार<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं दषरथ महतो द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुषंसा एवं मोहन रजक , चन्द्रनाथ भाई पटेल एवं दषरथ महतो द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 534. | 1. आवेदन क्र0–2031/24<br>2. आवेदक–राजेष महतो , पिता–स्व0 जानकी महतो<br>3. ग्राम–पालु , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 535. | 1. आवेदन क्र0–2032/24<br>2. आवेदक–ईष्वरी साव , पिता–दुकन साव<br>3. ग्राम–किरिगड़ा पालु , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 536. | 1. आवेदन क्र0–2033/24<br>2. आवेदक–मदन महतो , पिता–दुती महतो<br>3. ग्राम–बिचाटोला अम्बाकोचा , पोस्ट–देवरीया , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 537. | 1. आवेदन क्र0–2034/24<br>2. आवेदक–सुरेष महतो , पिता–सरहुल महतो<br>3. ग्राम–रोचाप , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 538. | 1. आवेदन क्र0–2035/24<br>2. आवेदक–प्यारे लाल महतो , पिता–कैला महतो<br>3. ग्राम–पालु , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 539. | 1. आवेदन क्र0–2036/24<br>2. आवेदक–राजा राम प्रसाद , पिता–गिरधारी साव<br>3. ग्राम–बंजी , पोस्ट–घाटोटाँड , थाना–घाटो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 540. | 1. आवेदन क्र0–2037/24<br>2. आवेदक–गिरिधारी महतो , पिता–बोधि महतो<br>3. ग्राम–हाउसींग कॉलोनी , पोस्ट–घाटोटाँड , थाना–घाटो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 541. | 1. आवेदन क्र0–2038/24<br>2. आवेदक–बिन्देष्वरी महतो , पिता–भागी महतो<br>3. ग्राम–केदला बस्ती , पोस्ट–घाटो , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुढ़ी में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 542. | 1. आवेदन क्र0–2039/24<br>2. आवेदक–जगरनाथ अगरिया , पिता–बढ़न अगरिया<br>3. ग्राम–टुटकी , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठुढ़ी में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 543. | 1. आवेदन क्र0–2040/24<br>2. आवेदक–गणपत महतो , पिता–रामेष्वर महतो<br>3. ग्राम–टुटकी , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री फागु बेसरा एवं चन्द्रनाथ भाई पटेल द्वारा शपथ पत्र के माध्यम से की गयी अनुषंसा एवं चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सुखदेव प्रसाद यादव, दषरथ महतो एवं महेन्द्र मुर्मू द्वारा माननीय सदस्यद्वय के समक्ष दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 544. | 1. आवेदन क्र0–2041/24<br>2. आवेदक–मेघनाथ मुण्डा , पिता–स्व0 हजारी पाहन<br>3. ग्राम–देवरिया बस्ती , पोस्ट–भुरकुण्डा , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 545. | 1. आवेदन क्र0–2042/24<br>2. आवेदक–बुधराम उराँव , पिता–स्व0 मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–ओरियातू , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–भौंह के उपर जख्म का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 546. | 1. आवेदन क्र0–2043/24<br>2. आवेदक–बिरसा उराँव , पिता–स्व0 सोमरा उराँव<br>3. ग्राम–ओरियातू , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 547. | 1. आवेदन क्र0–2044/24<br>2. आवेदक–पहलु उराँव , पिता–स्व0 उगना उराँव<br>3. ग्राम–ओरियातू , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 548. | 1. आवेदन क्र0–2045/24<br>2. आवेदक–पटेल उराँव , पिता–स्व0 झिरगा उराँव<br>3. ग्राम–ओरियातू , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 549. | 1. आवेदन क्र0–2046/24<br>2. आवेदक–रविन्द्र उराँव , पिता–स्व0 एतवा उराँव<br>3. ग्राम–ओरियातू , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 550. | 1. आवेदन क्र0–2047/24<br>2. आवेदक–अनिल उराँव , पिता–स्व0 एतवा उराँव<br>3. ग्राम–ओरियातू , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 551. | 1. आवेदन क्र0–2048/24<br>2. आवेदक–प्रयाग बेदिया , पिता–स्व0 हरदयाल बेदिया<br>3. ग्राम–बीचा (ऐतियातु) , पोस्ट–देवरिया , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 552. | 1. आवेदन क्र0–2049/24<br>2. आवेदक–बैजनाथ बेदिया , पिता–स्व0 हरदयाल बेदिया<br>3. ग्राम–बीचा (ऐतियातु) , पोस्ट–देवरिया , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 553. | 1. आवेदन क्र0–2050/24<br>2. आवेदक–किषोर बेदिया , पिता–स्व0 राजेन्द्र बेदिया<br>3. ग्राम–बीचा (ऐतियातु) , पोस्ट–देवरिया , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 554. | 1. आवेदन क्र0–2051/24<br>2. आवेदक–जयनाथ बेदिया , पिता–स्व0 हरदयाल बेदिया<br>3. ग्राम–बीचा (ऐतियातु) , पोस्ट–देवरिया , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 555. | 1. आवेदन क्र0–2052/24<br>2. आवेदक–युगल उराँव , पिता–स्व0 एतवा उराँव<br>3. ग्राम–चिटो , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें जांघ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 556. | 1. आवेदन क्र0–2053/24<br>2. आवेदक–बिगल उराँव , पिता–स्व0 एतवा उराँव<br>3. ग्राम–चिटो , पोस्ट–भदानीनगर , थाना–पतरातू , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 557. | 1. आवेदन क्र0–2054/24<br>2. आवेदक–सुरेष महतो , पिता–षनिचर महतो<br>3. ग्राम–चोय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 558. | 1. आवेदन क्र0–2055/24<br>2. आवेदक–रतनी देवी , पति–रूपलाल महतो<br>3. ग्राम–चोय , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 559. | 1. आवेदन क्र0–2056/24<br>2. आवेदक–नरेष महतो , पिता–विषेष्वर महतो<br>3. ग्राम–मुरपा , पोस्ट–कुजू , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 560. | 1. आवेदन क्र0–203/24<br>2. आवेदक–अषोक कुमार महतो , पिता–खुषी महतो<br>3. ग्राम–नई पारम , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 561. | 1. आवेदन क्र0–204/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र राम , पिता–षीतल राम<br>3. ग्राम–नई पारम , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गर्दन में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 562. | 1. आवेदन क्र0–205/24<br>2. आवेदक–जगदीष महतो , पिता–फेकू महतो<br>3. ग्राम–दुनदुआ , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में लहसन का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 563. | 1. आवेदन क्र0–206/24<br>2. आवेदक–राजेष महतो , पिता–स्व0 ठाकुर महतो<br>3. ग्राम–दुनदुआ , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें बांह में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 564. | 1. आवेदन क्र0–207/24<br>2. आवेदक–साजो देवी , पति–राजेष महतो<br>3. ग्राम–नई पारम , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 565. | 1. आवेदन क्र0–208/24<br>2. आवेदक–संजवा देवी , पति–चिन्तामणी महतो<br>3. ग्राम–नई पारम , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आँख में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 566. | 1. आवेदन क्र0–209/24<br>2. आवेदक–सुमित्रा देवी , पति–खेमन महतो<br>3. ग्राम–नई पारम , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–हाथ में खोदा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 567. | 1. आवेदन क्र0–210/24<br>2. आवेदक–सुनीता देवी , पति–अषोक कुमार महतो<br>3. ग्राम–नई पारम , पोस्ट–टण्डवा , थाना–टण्डवा , प्रखण्ड–टण्डवा<br>4. लिंग–महिला , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–मुंह के दाई तरफ तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 568. | 1. आवेदन क्र0–2057/24<br>2. आवेदक–गोपाल महतो , पिता–प्रभु महतो<br>3. ग्राम–डाडीडीह , पोस्ट–कोतो , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 569. | 1. आवेदन क्र0–2058/24<br>2. आवेदक–राजेन्द्र सिंह , पिता–डेगलाल सिंह<br>3. ग्राम–रोचाप , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया पैर के घुटना में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 570. | 1. आवेदन क्र0–2059/24<br>2. आवेदक–कामेष्वर महतो , पिता–बलराम महतो<br>3. ग्राम–पालू , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया हाथ अँगूठा में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 571. | 1. आवेदन क्र0–2060/24<br>2. आवेदक–मुकेन्दर कुमार , पिता–दीनदयाल सिंह<br>3. ग्राम–किरिगड़ा , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया पैर घुटना में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 572. | 1. आवेदन क्र0–2061/24<br>2. आवेदक–केतर महतो , पिता–झनकु महतो<br>3. ग्राम–डाडीडीह , पोस्ट–कोतो , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 573. | 1. आवेदन क्र0–2062/24<br>2. आवेदक–परमानन्द महतो , पिता–जगदीष महतो | कंडिका–2(ix) |
| | 3. ग्राम–रोचाप , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | |
| 574. | 1. आवेदन क्र0–2063/24<br>2. आवेदक–दिनेष्वर महतो , पिता–स्व0 उतिम महतो<br>3. ग्राम–रोचाप , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 575. | 1. आवेदन क्र0–2064/24<br>2. आवेदक–महेन्द्र प्रजापति , पिता–स्व0 जगरनाथ प्रजापति<br>3. ग्राम–रोचाप , पोस्ट–टेरपा , थाना–पतरातु , प्रखण्ड–पतरातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 576. | 1. आवेदन क्र0–2065/24<br>2. आवेदक–धमेन्द्र प्रसाद , पिता–कालीचरण प्रसाद<br>3. ग्राम–लारी सुकरीगढ़र , पोस्ट–लारी , थाना–रजरप्पा प्रोजेक्ट , प्रखण्ड–चितरपुर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आँख के बगल में दो माषा। | कंडिका–2(ix) |
| 577. | 1. आवेदन क्र0–2066/24<br>2. आवेदक–देवन्ति देवी , पति–महेष प्रसाद<br>3. ग्राम–नारायणपुर सोनार मोहल्ला , पोस्ट–करमा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बांया आँख के उपर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 578. | 1. आवेदन क्र0–2067/24<br>2. आवेदक–जगदीष महतो , पिता–सुकर महतो<br>3. ग्राम–टुटकी , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–होठ में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 579. | 1. आवेदन क्र0–2068/24<br>2. आवेदक–चेतलाल करमाली , पिता–भीखो करमाली<br>3. ग्राम–टुटकी , पोस्ट–परतंगा , थाना–आंगो , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–दांया कंधा में कटा निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 580. | 1. आवेदन क्र0–211/24<br>2. आवेदक–नागेन्द्र कुमार सिंह , पिता–राम चरित सिंह<br>3. ग्राम–कुम्हारी , पोस्ट–नरचाही , थाना–मयूरहंड , प्रखण्ड–मयूरहंड<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 581. | 1. आवेदन क्र0–1182/24<br>2. आवेदक–दुलारचंद ठाकुर , पिता–टेकन ठाकुर<br>3. ग्राम–नरकण्ड़ी , पोस्ट–चतरोचट्टी/हुरलुंग, थाना–चतरोचट्टी , प्रखण्ड–गोमिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री फागु बेसरा , श्री भुवनेष्वर ठाकुर एवं श्री शनिचर मांझी द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 582. | 1. आवेदन क्र0–1912/24<br>2. आवेदक–नरेष मुण्डा , पिता–बन्धीया मुण्डा<br>3. ग्राम–हेसागढ़ा , पोस्ट–हेसागढ़ा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में बायें तरफ कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 583. | 1. आवेदन क्र0–1913/24<br>2. आवेदक–सोमरा मुण्डा , पिता–आगम लाल मुण्डा<br>3. ग्राम–हेसागढ़ा , पोस्ट–हेसागढ़ा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 584. | 1. आवेदन क्र0–1914/24<br>2. आवेदक–गुदेष उरांव , पिता–खातो उरांव<br>3. ग्राम–हेसागढ़ा , पोस्ट–हेसागढ़ा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 585. | 1. आवेदन क्र0–1915/24<br>2. आवेदक–अगमलाल मुण्डा , पिता–स्व0 सखीराम मुण्डा<br>3. ग्राम–हेसागढ़ा , पोस्ट–हेसागढ़ा , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
3. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवष्यक है।

(भुवनेष्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 322445 Home(23-24)D

## डीएमएस ने किया एनके एरिया के खुली खदानों का निरीक्षण

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया के केडीएच, डकरा और पूरनाडीह कोयला खदान का डिप्टी डायरेक्टर माइंसस आफ सेफ्टी मयनिंग अजास मोहम्मद और डीडीएमएस इलेक्ट्रिकल विनीत चौरसिया ने बुधवार को निरीक्षण किया। केडीएच खदान पहुंचने पर परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया जिसके बाद परियोजना के कई अधिकारियों के साथ सभी अधिकारी खदान पहुचे। खदान में हो रहे कोयला खनन के कार्य, कोयला ट्रांसपोर्टिंग के कार्य, हाल रोड और लाइटिंग व्यवस्था को डीडीएमएस ने देखा और कुछ बिंदुओं पर सुधार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। जिसके बाद दोनों ही डीडीएमएस डकरा और पूरनाडीह खदानों में भी जाकर वहां के खनन कार्य को दिखा और संबंधित अधिकारियों को कई निर्देश दिए।

## विधायक ने एक साथ किया छह सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास

# अपना प्रतिनिधि उसे चुनें, जो हमेशा सुख-दुःख में आपके साथ होः नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** खूंटी के विधायक और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि ब चुनाव आनेवाला है और आंधी-तूफान की तरह लोग आपके पास आयेंगे और बरगलाने का प्रयास करेंगे, पर आप उसे ही अपना प्रतिनिधि चुनें, जो हमेशा आपके सुख-दुःख में आपके साथ हो। विभिन्न राजनीतिक दल के नेता चुनाव के समय आयेंगे और उसके बाद पांच वर्षों तक दर्शन नहीं देंगे। विधायक बुधवार को मुरहू प्रखंड के गनालोया गांव में एक साथ छह सड़कों के निर्माण कार्य की अधारशिला रखने और महिला भवन का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि आप स्वयं तुलना करें कि आज से 25 साल पहले आपके क्षेत्र की स्थिति क्या थी और वर्तमान में क्या है। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से वे 25 वर्षों से खूंटी का प्रतिनिधित्व विधानसभा में करते आ रहे हैं। विधायक ने कहा कि जब वे विधायक नहीं थे, इसी गनालोया गांव बररसात के दिनों में टापू बन जाता था। बरसात के दिनों में दोपहिया या चार पहिया वाहन लेकर इस गांव में आना असंभव था, लेकिन जब से जनता ने उन्हें अपना प्रतिनिधि चुना, पूरे क्षेत्र में सड़क और पुल-पुलियों का जाल बिछ गया है। विधायक ने कहा कि अपको स्वयं निर्ण्धय लेना है कि कौन आपके क्षेत्र का विकास कर सकता है और कौन नहीं। इसलिए आनेवाले चुनाव में उसी दल और उसी प्रत्याशी को विजयी बनायें, जो आपके गांव-घर विकास कर सकता है। उन्होंने कहा कि वे हर दिन कोई न कोई गांव जाते रहते हैं, ताकि लोगों की समस्याओं की जानकारी मिल सके और समय पर उसका निराकरण किया जा सके।

**नीलकंठ ने विकास का कीर्तिमान स्थापित किया: काशीनाथ**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने कहा कि अपने 25 वर्षों के कार्यकाल में विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने क्षेत्र के विकास का एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंन कहा कि क्षेत्र का जितना विकास उनके कार्यकाल में हुआ, उतना विकास कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि सही मायने में हइस क्षे.त्र के लि नीलकंठ सिंह मुंडा विकास पुरुष हैं। कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यख मसीह गुड़िया, उपायाध्यक्ष मंजू देवी, मुरहू की प्रमुख एलिस ओड़ेया, जिला परिषद सदस्य मेलानी सांगा, भाजपा के मंडल अध्यक्ष राम बिहारी लाल, सुरेश अकेला, सुरेश प्रसाद, सुरेश जयसवाल, जनार्दन मिश्रा, रूपेश जयसवाल सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

इस मौके पर ग्रामीणो ने विधायक के समक्ष रखी, जिसका समाधान करने का भरोसा नीलकंठ सिंह मुडा ने दिया।

## वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम का दिया गया संदेश



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वीप के तहत जिल के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम से अवगत कराते हुए लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीण मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। मौके पर मतदाताओं का यापथ्ज्ञ दिलाई गई कि वे अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। फोटो2

## जेबीकेएसएस के केंद्रीय उपाध्यक्ष ने किया कोयलांचल का दौरा



**पिपरवार(आजाद सिपाही)।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कोयलांचल क्षेत्र के विभिन्न इलाको का दौरा किया। इस दौरान खलारी प्रखंड के राय, पुरानीराय और बमने पंचायत मे स्थानीय कार्यकर्ताओ ने केन्द्रीय उपाध्यक्ष का परंपरागत तरीके से जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पंचायत दौरा क्रम मे बच्चों के भविष्य के लिए स्थानीय नीति, नियोजन नीति,विस्थापन नीति बच्चों की भविष्य को सुरक्षित करने के लिए मुट्ठी चावल महिलाएं अपने आंचल से दिया। ताकि उनके हक और अधिकार के आवाज को लोकसभा में बुलंद किया जा सके। इस दौरान खलारी अंचल कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठे बिश्रामपुर और तुमांग पंचायत के विस्थापित रैयतों की मांगो का समर्थन किया। इस मौके पर केंद्रीय कमेटी के विमल महतो, फलींदर करमाली,हेमंत महतो,जिला कोर कमेटी के रतिया गंझू,बीरबल महतो, प्रमोद महाजन,दीपक महतो, राजेश कुमार,प्रखंड कमेटी सदस्य राजेंद्र महतो,कृष्णा कुमार महतो,राजू महतो,मुन्ना गंझू,कामेश्वर गंझू,आनंद गंझू,कुलदीप कुमार, भुवनेश्वर महतो,लखन कुमार सहित विभिन्न पंचायत के काफी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे। फोटो-2.केन्द्रीय उपाध्यक्ष का स्वागत करते ग्रामीण।

## विधायक विकास मुंडा ने किया दिवड़ी मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के प्रसिद्ध दिवडी मंदिर परिसर में आज पर्यटन कलां संस्कृति खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा मंदिर का प्रयटकिय विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास विधायक विकास मुंडा द्वारा नारियल फोड़कर किया गया लगभग आठ करोड़ ९० लाख की लागत से मंदिर परिसर का सौंदर्य किया जाएगा इसमें मैरेज हॉल बीआईपी गेस्ट हाउस विवाह मंडप चबुतरा निर्माण सोलर से बिजली गार्डेन निर्माण आदि किया जाएगा इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस मंदिर में झारखंड प्रदेश सहित पुरे भारतवर्ष से लोग आते हैं इसका सुंदरीकरण जरूरी था इस अवसर पर एसडीएम बुंडू मोहन लाल मरांडी सीओ अतुल रंजन भगत बीडीओ संतोष प्रजापति ऋषिकेश महतो मुरली सेठ मेंथा पाल अजय मुंडा उमेश महतो के अलावे दिवडी मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मौजूद थे इसके बाद उलीडीह में सरना स्थल की चारदिवारी का शिलान्यास किया।

# पांच साल तक सोये रहे सांसद और विधायक चुनाव के समय खुली है नींद : अरुण संगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** युवा कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अरूण संगा ने आरोप लगाया है कि खूंटी के सांसद और विधायक पांच वर्षों तक सोयें रहे और अब जग चुनाव सिर पर है, तब उनकी नींद खुली है और वे सड़कों और अन्य विकास योजनाओं का शिलान्यास कर रहे हैं। अरूण संगा बुधवार की शाम प्रेस काफन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। संगा ने कहा कि पिछले दिनों खूंटी कचहरी मैदान में खूंटी के सांसद औरकेंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पहल पर तामझाम के साथ खूंटी की महत्वाकांक्षी बाईपास सड़क के साथ ही खूंटी के लिए महत्वपूर्ण दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का हुए शिलान्यास किया था। खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने भी खूंटी विधानसभा क्षेत्र में लगातार सड़कों का शिलान्यास कर रहै है हैं, पर जनता सब कुछ जाती है कि यह चुनावी जुमला के अलावा कुछ नहीं है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव वेद प्रकाश मिश्रा ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद सांसद खूंटी से पांच साल तक लापता रहे। अब जब चुनाव होनेवाला है, किसी भी दिन चुनाव की घोषणा हो सकती है, तब सांसद ने खूंटी की वर्षों पुरानी बाईपास सड़क का शिलान्यास कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया है। यह शिलान्यास महज चुनावी जुमला है।

सांसद खूंटी की जनता की परेशानियों के समाधान के लिए अगर सच में गंभीर होते, तो अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में इस सड़क का निर्माण कार्य अब तक हो जाना था, जो नहीं हो सका। इसी तरह विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा भी लगातार सड़कों का शिलान्यास कर ग्रामीणों को चुनाव से पूर्व भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।

## आरसीएमयू की बैठक में होली मिलन समारोह की सफलता पर दी बधाई



**पिपरवार(आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक की बैठक पिपरवार क्षेत्रीय कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता युनियन के क्षेत्रिय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन सचिव विद्यापति सिंह ने किया। बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई, साथ ही सभी मजदूर से एकजुट होने की अपील की गई। बैठक में कोयला मजदूरों की समस्या के समाधान को लेकर प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में पिछले दिनों क्षेत्रिय कार्यालय में संपन्न हुए होली मिलन समारोह कार्यक्रम की सफलता पर इसमें सहयोग करने वाले लोगों के प्रति आभार प्रकट किया गया। साथ ही आगे भी इस तरह के आयोजन में सहयोग कर सफल बनाने की अपील की गई। बैठक मे अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना, सचिव विद्यापति सिंह, अब्दुल अंसारी, श्रवण कुमार, सुमन मिश्रा, जुबेर आलम, मंसूर आलम, शंकर मुखर्जी, संतोष दास, भोला सिंह, सलीम जावेद, मिथिलेश शर्मा, विष्णु प्रसाद,नरेश सेठ, मुजाहिद इमाम, मोहम्मद आलम, अमरजीत सिंह, एसके सिंह, नकुल प्रसाद, मनोज सिंह, तिलक राम, शहाबुद्दीन अंसारी, बासुदेव साव, जगदेव प्रसाद, शमसुद्दीन अंसारी, आनन्द मुंडा, प्रयाग महतो, मुखराम महतो सहित काफी संख्या में यूनियन के लोग मौजूद थे।

# स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य सेवा पर सेमिनार कल

**रोगी सुरक्षा एम्स भुवनेश्वर के सहयोग से आयोजित होगा यूनिसेफ और रीजनल चैप्टर एकेडमी ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एएचए) का कार्यक्रम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अस्पताल प्रशासन विभाग, एम्स भुवनेश्वर के सहयोग से यूनिसेफ और रीजनल चैप्टर एकेडमी ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एएचए) है। स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता एवं स्वास्थ्य देखभाल पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन 15 मार्च को रोगी सुरक्षा 2024 एम्स भुवनेश्वर में होगा। विश्व स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से प्रगति देख रहा है। वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य में प्रौद्योगिकी का समावेश। चाहे इसका स्तर कुछ भी हो स्वास्थ्य देखभाल, प्रौद्योगिकी अब कार्यान्वयन, निगरानी और के लिए आवश्यक है। सेवाओं की स्थिरता. स्वास्थ्य देखभाल की बढ़ती जटिलताओं के साथ, मरीज की पहचान में विफलता जैसी मरीजों को नुकसान पहुंचने की संभावना भी बनी रहती है। संचार, अस्पताल से प्राप्त संक्रमण, शल्य चिकित्सा या दवा संबंधी त्रुटियाँ, घाव, या यहां तक कि एक मरीज गिर भी जाता है।

स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए इन विषयों पर समय-समय पर प्रशिक्षण की आवश्यकता है और रोगी को होने वाले नुकसान को रोकें। अस्पताल प्रशासन की गतिशीलता बदल रही है। प्रशिक्षित पेशेवर अब अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन कर रहे हैं। रोगी सुरक्षा में योगदान। इस सेमिनार में इंटरैक्टिव सत्र होंगे। एम्स भुवनेश्वर के वरिष्ठ संकाय सदस्य- प्रोफेसर (डॉ) जवाहर एसके पिल्लई, अस्पताल प्रशासन विभाग, प्रोफेसर (डॉ) बिजयिनी बेहरा, माइक्रोबायोलॉजी विभाग और अतिरिक्त प्रोफेसर (डॉ) आकाश बिहारी पति, बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग और बाहरी संसाधन व्यक्ति डॉ सुभ्रोज्योति भौमिक और प्रोफेसर (डॉ) सुनील सी मुंडकुर जो हेल्थकेयर के विशेषज्ञ हैं। गुणवत्ता और एनएबीएच मूल्यांकनकर्ता। विषय हैं हेल्थकेयर क्वालिटी, क्लिनिकल शासन, क्लिनिकल ऑडिट, दवा सुरक्षा, सर्जिकल सुरक्षा और अस्पताल संक्रमण नियंत्रण प्रथाएं। यह चिकित्सा अधिकारियों, ब्लॉक परियोजना प्रबंधकों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है। अस्पताल प्रबंधक, वरिष्ठ अस्पताल प्रशासक, गुणवत्ता प्रबंधक, डॉक्टर, नर्स और एएमपी; नर्स प्रशासक, अस्पताल मालिक, छात्र, और अन्य स्वास्थ्य देखभाल कार्यकताओं को विशेषज्ञों से सीखना चाहिए और इसे अपने कार्यस्थल पर लागू करना चाहिए।

## सेवानिवृत्त कामगारों को परेशान करना उचित नहीं : इंदिरा देवी



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीमेंट फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अपने सेवानिवृत कामगारों को परेशान करने के लिए रोज रोज नए उपाय खोजती रहती है उक्त बातें झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव इंदिरा देवी तुरी ने कही, उन्होंने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार गरीबों को घर देने के लिये विभिन्न योजना चला रही है वहीं खलारी सिमेंट फैक्ट्री प्रबंधन एसीसी की जमीन की लीज समाप्ति के 34 वर्ष बाद यहां रह रहे सेवानिवृत कामगारों को बेघर करने पर तुली है, लीज समाप्ति के बाद फैक्ट्री प्रबंधन यह जानते हुए कि लीज भूमि का खरीद-बिक्री नही होता है और ना ही ट्रांस्फर होता है इसके बावजुद वह जमीन का व्यवसायीकरण कर लाभ कमा रही है और सरकार को राजस्व का हानि पहुंचा रही है। कहा कि फैक्ट्री बंद होने के बाद सेवानिवृत कामगार व उसके आश्रित यहां रहकर किसी तरह से जीवीकोपार्जन में लगे है। वहीं फैक्ट्री प्रबंधन कानुनी पेंच में फंसाकर कामगारों को बेघर करने पर तुली है। कानुन लीज समाप्ति के बाद यह जमीन सरकार की हो गई है। उन्होने लोक राज्य सरकार से मांग किया कि उक्त जमीन पर बसे सेवानिवृत कामगारों व उनके आश्रितों के आसियाना को छिनने से रोकते हुए सभी सेवानिवृत कामगारों के नाम जमीन का बंदोबस्ती करने या लीज देने का काम किया जाए। उक्त विषय पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पूर्व स्थानीय सांसद सुबोधकांत सहाय बात हुई है उन्होंने इस समस्या के निराकरण में सहयोग का भरोसा दिया है।

## महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार की पहल सराहनीय : रेखा सहाय



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को बिहार क्लब में नारी न्याय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह की मुख्य अतिथि फिल्म अभिनेत्री रेखा सहाय थीं। इस अवसर पर श्रीमती सहाय ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि महिलाएं आज समाज में बराबर के हिस्सेदार हैं। इस दिशा में झारखंड की महागठबंधन सरकार द्वारा उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए झारखंड सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। इसका लाभ महिलाओं को मिल रहा है। झारखंड सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह तो मात्र एक उदाहरण है। ऐसी कई योजनाएं हैं, जो यहां की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार महिला सशक्तिकरण के प्रति सजग और दृढ़ संकल्पित है। मौके पर समाजसेवी शीला तिर्की, मंजू तिर्की, राजश्री देवी, छोटी तिर्की, सुमन देवी, रूबी गुप्ता को महिला हित में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने के लिए सम्मानित किया गया।

# जिला विधिक सेवा प्रधिकार रांची ने करोड़ों के ऋण और परिसंपत्ति का वितरण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**इटकी।** इटकी प्रखण्ड परिसर में बुधवार को झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्रधिकार के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्रधिकार रांची द्वारा आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में करोड़ो के ऋण और परिसम्पति का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झालसा सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने कहा कि सरकार की महत्वाकाक्षी योजनाओं के प्रत जागरूकता लाना व जागरूक करना एव उसे जन-जन तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। गांव के लोग योजनाओं के प्रति अनभिज्ञ होते है, ऐसी परिस्थिति में योजनाओं से समुचित लाभ उठाने में वंचित रह जाते है। झालस शिविर लगाकर लोगों योजनाओं प्रति जागरूक करते हुए मुफ्त में कानूनी सलाह देकर न्याय दिलाने की अग्रनी भूमिका निभाने की कार्य कर रही है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण को और आगे ले जाने के लिए एकजुटता के साथ महिलाओं को समूहों में जुड़ने का अहवान किया। इस दौरान बीडीओ शशि नलनी डुंगडुंग को पेयजल सहित अन्य समस्याओं को जल्द समाधान करने का निर्देश जारी किया। कार्यक्रम में जागृति महिला प्रेरणा सखी मंडल को 4,8700000 करोड़, चांदनी सखी मंडल को तीन करोड़, आजीविका स्वयं साहिका समूह को मोहनी सखी मेडल 3.50 करोड़, माइक्रो इंटर प्राईजेज 4,58000 लाख, वही सावित्री वाई फुले किशोरी समृधि योजना के तहत पांच किशोरियों चेक, पांच दिव्यागों व्हिल चेयर, 15 लाभुको अबुआ आवास की स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम में झालसा उपसचिव अभिषेक कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्रधिकार राकेश रंजन, एडीएम सुदर्शन मुर्मू, वीडीओ शशि नलनि डुंगडुंग, जिला परिसद रीणा देवी, प्रमुख किरण उरांव सहित दर्जणों अधिकारी कर्मचारी भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रांची में लगातार चौथे दिन भी लूट

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजधानी रांची में अपराधी बेखौफ हैं। चार दिन में एक करोड़ रुपये से अधिक की चोरी और लूट की घटना को अपराधी अंजाम दे चुके हैं। वहीं पुलिस एक भी घटना में अपराधियों को पकड़ने में सफल नहीं हुई है। हालांकि हिंदपीढ़ी इलाके में हुई घटना के संबंध में कई अपराधियों को पकड़ा है, लेकिन पुलिस ने खुलासा अभी नहीं किया है। इधर मंगलवार को तीन अपराधियों ने पंडरा ओपी क्षेत्र के पंचवटी नगर में दिनदहाड़े लूट की घटना को अंजाम दिया। तीन अपराधियों ने 70 साल के बुजुर्ग को पहले कमरे में बंधक बनाया। फिर उनके घर में रखे 10 लाख रुपये के जेवरात और 20 हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गये। लूट की घटना पंचवटी नगर में महेंद्र प्रसाद के घर में हुई। जब चोर चले गये, तब महेंद्र प्रसाद ने अपने रिश्तेदारों को फोन किया। वे उनके घर पहुंचे, तब दरवाजा खोल उन्हें कमरे से बाहर निकाला। घटना की सूचना पंडरा ओपी पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर थाना प्रभारी पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। महेंद्र प्रसाद सेवानिवृत्त कर्मी हैं। लंबे समय से वह अकेले पंचवटी नगर में रह रहे हैं। उनका बेटा रेलवे में काम करता है। वह चक्रधरपुर में पोस्टेड है। महेंद्र प्रसाद 3.30 बजे अपने घर में ताला लगा कर सब्जी लाने के लिए गये थे। शाम के 4 बजे जैसे ही वह अपने घर पहुंचे तो देखा कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है।

## झामुमो की बैठक में पिछले कार्यों की हुई समीक्षा



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** झामुमो के नगड़ी प्रखंड कमेटी की बैठक बुधवार को नारो बाजार टांड में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की ने की। बैठक में पिछले कार्यों की समीक्षा की गई। नगडी प्रखंड क्षेत्र से बापू वाटिका मोरहाबादी मैदान में उपवास कार्यक्रम में शामिल हुए। इस बैठक में सभी वर्ग संगठन प्रखंड समिति नगडी का अलग-अलग बैठक करने का निर्णय लिया गया। जबकि होली मिलन समारोह 23 मार्च को मनाने और हेमंत सोरेन की रिहाई के लिए शांति पूर्ण तरीके से आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राखी देवी, प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, धुचु तिर्की सह सचिव पुजा देवी, सुरेश महतो, अल्पसंख्यक मोर्चा नगडी के प्रखंड अध्यक्ष तस्लीम अंसारी, फिरोज अंसारी, रईब अंसारी, सुकरमनी देवी, उर्मिला देवी, सोमारी उरांव आदि थे।

### सशक्तिकरण : लापुंग के बिरसा चौक में मनाया गया महिला दिवस

# एक बालिका शिक्षित हो जाये तो पूरे समाज का भला कर सकती है : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** आजीविका महिला संकुल संगठन की ओर से बुधवार को लापुंग के बिरसा चौक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी शामिल हुई। मौके पर लापुंग बीडीओ उषा मिंज, बीपी एम, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जन्मजय पाठक, पंचायत मुखिया और मुखिया-उप मुखिया आदि उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाएं भी शामिल थी, जिन्हें विधायक ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विधायक ने महिलाओं के विकास एवं प्रगति से संबंधित जानकारी दी। महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज को मुख्य धारा से जुड़ने संबंधी बातें कहीं।



महिलाओं को संबोधित करतीं विधायक शिल्पी नेता तिर्की।

उन्होंने कहा कि महिलाएं पुरूषों के बराबर ही नहीं, बल्कि उनसे कहीं आगे हैं। वैसे तो महिलाएं खुद काफी सशक्त हैं, लेकिन आज के इस कार्यक्रम से महिलाओं में और जागरूकता आएगी। उन्होंने कहा कि यदि एक बालिका पढ़ लिख लेती है तो वह अपने परिवार का ही नहीं संपूर्ण समाज का भला करती है। आज हमारे सामने बहुत सारी चुनौतियां हैं जिसमें सबसे बड़ी लिंगानुपात है। इसे बराबर करने में प्रत्येक महिला एवं पुरूष की बराबर भागीदारी है। महिलाओं के प्रति समाज में अच्छी सोच बनाने के लिए आवश्यक है कि महिलाओं की सफलता की कहानियों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। देश में आदिकाल से ही नारी शक्ति को पूजनीय माना गया है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जन्मजय पाठक, मुखिया, उप मुखिया आदि उपस्थित थे।

## राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में दो कमरे के निर्माण कार्य का शिलान्यास



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जतालोया में जिला परिषद (दी एमएफटी) मद से दो कमरा पक्का भवन का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि 18 लाख रुपये की लागत से विद्यालय में अतिरिक्त दो कमरा बनाए जाने हैं। इसके बन जाने पर पठन-पाठन में विद्यार्थियों को काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई करने की बात कही। वहीं, विद्यालय परिसर के बीचोंबीचो 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन को हटाए जाने पर बच्चों-अविभावकों ने खुशी जाहिर की है। मौके पर जेई प्रभात कुमार, संवेदक राहुल सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली, जन्मजय पाठक, जयंत बारला आदि थे।

## विधायक ने बेड़ो में पलास उत्तम कृषि प्रसंस्करण केंद्र का किया उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जरिया कटरमाली सरना टोली में बुधवार को पलास उत्तम कृषि प्रसंस्करण केंद्र का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। विधायक ने पूरे केंद्र का भ्रमण किया। साथ ही यह जानने का प्रयास किया कि किस तरह यहां काम करने वाली महिलाएं विभिन्न प्रकार के मसाले का पैकेट बनायेंगी और बाजार में किस मूल्य पर बेचेंगी। इस दौरान विधायक ने कार्यक्रम में योजना से जुड़े लाभुकों के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र व चेक का वितरण किया। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव, सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, उपप्रमुख मोदस्सीर हक व विधायक प्रतिनिधि करमा उरांव आदि मौजूद थे।

## खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रखी विकास योजनाओं की आधारशिला



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने बुधवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। उन्होंने सबसे पहले हरातु पंचायत के जसपूर में प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उसके बाद गेतलसूद में आंगनबाड़ी भवन का मरम्मति कार्य, सिरका पंचायत के मेढ़ेटुंगरी में पीसीसी पथ निर्माण एवं लेंभाटोली में स्कूल भवन की चारदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुण्डा, शिवदास गोस्वामी, एतवा उरांव, सफीक अंसारी, अजय तिर्की, अशोक बेदिया, दशरथ पहान, कुलेश्वर मुण्डा, सत्येन्द्र मुण्डा, बकु उरांव, संगीता कैथा, अनिता देवी, सरिता देवी, यशोदा देवी, रामजीत नायक, घमई नायक आदि मौजूद थे।

## राज्यसभा उम्मीदवार प्रदीप वर्मा का स्वागत समारोह आज

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** झारखंड से भाजपा के डॉ प्रदीप वर्मा को राज्ससभा उम्मीदवार बनाये जाने पर गुरुवार को नामकुम टाटीसिलवे रेलवे गुड्स शेड ट्रक ओनर्स एसोसिएशन के बैनर तले भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। इसे लेकर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकिशोर यादव ने बताया कि समारोह की पूरी तैयारी कर ली गयी है। जिसमें एसोसिएशन के सदस्य रहेंगे।

## चिलदाग में प्राचीन शिव मठ मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए किया गया भूमि पूजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चिलदाग गांव में प्राचीन शिव मठ मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का बुधवार को भूमि पूजन किया गया। चिलदाग पूजा समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र मुण्डा, रामनाथ महतो, मुखिया दुर्गा पाहन एवं ग्रामप्रधान श्रीनाथ मुण्डा की देखरेख में पुरोहित पप्पु मिश्रा व त्रिलोकी दास गोस्वामी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन कराया। मुख्य पूजारी मदन साहू एवं सावित्री देवी थे। भूमि पूजन के मौके पर पूर्व मुखिया संगीता देवी, सुनीता देवी, प्रतिमा देवी, सधन देवी, मुन्नी देवी, रानी देवी, नेहा कुमारी, बसंती देवी, बुद्धिमनी देवी, सिद्धेश्वर साहू, लक्ष्मण महतो, रूपलाल साहू, रामकुमार नायक, बाबुलाल महतो, विटु महतो, सरोज महतो, शिकारी महतो आदि उपस्थित थे।

## अधिकारियों से मिलकर 17 को आहूत मुड़हर पहाड़ बचाओ महारैली को रोकने की अपील

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** महाराजा मदरा मुण्डा मुड़हर पहाड़ (मरंग बुरू) विकास समिति सुतियाम्बेगढ़, पिठोरिया, कांके, रांची के अध्यक्ष महेश्वर पहान के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने रांची के डीसी, वरीय पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर आदि को आवेदन देकर 17 मार्च को आहुत मुड़हर पहाड़ बचाओ महारैली को रोकने की अपील की। बताते चले कि सुतियाम्बेगढ़ में महाराजा मदरा मुण्डा (मुण्डा राज) का ऐतिहासिक मुड़हर पहाड़ एवं 44 धार्मिक स्थल है। आरोप है कि 12 फरवरी को दुर्गावती ओड़ैया व अन्य लोगो ने मुड़हर पहाड़ पर स्थापित शिवलिंग, त्रिशूल और बजरंगबली का झंडा उखाड़कर फेंक दिया था। अब स्वयंभु धर्मगुरू खूंटी निवासी दुर्गावती ओड़ैया (प्राथार्ना सभा), तमाड़ निवासी लक्ष्मीनारायण मुण्डा और झकराटाड़-रातु निवासी मनीष मुंडा के नेतृत्व में 17 को महारैली कर सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश हो रही, जिसे रोका जाय।

# पहाड़ कंडरिया स्कूल में पानी की घोर किल्लत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बच्चों का ठहराव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सरकार की ओर से भले ही तरह-तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है। पर व्यवस्था में खामियों के कारण सरकार की योजना फलीभूत होती नजर नहीं आ रही है। प्रखंड के पहाड़ कंडरिया गांव स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पानी की व्यवस्था नहीं होने से नौनिहालों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। पानी की किल्लत से बच्चे, शिक्षक व



सिर पर घड़ा लेकर स्कूल से दूर पानी लाने जाती राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय की रसोइया।

मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोईया को हर दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल की रसोईया को होती है। मध्याह्न भोजन का खाना बनाने वाली रसोईया बाना देवी व यशोदा देवी को गांव के बस्ती से हर दिन सिर पर पानी ढो कर बार-बार लाना पड़ता है। तब जाकर बच्चों का मिड डे मील का खाना बनता है। जबकि विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभाग व पेयजलापूर्ति विभाग के अधिकारियों को परिशानियों से अवगत कराया गया है। लेकिन उनकी उदासीन रवैया के कारण विद्यालय में पानी की व्यवस्था नहीं हुई है। बतातें चलें कि विद्यालय में कुल 77 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। विद्यालय में 60 से 65 बच्चों का प्रतिदिन मध्याह्न भोजन का खाना बनाया जाता है। जिसके लिए कई लीटर पानी की आवश्यकता होती है। लेकिन पानी के लिए परेशान इन स्कूली बच्चों की पीड़ा सुनने वाला कोई नहीं है। सब कुछ कागज पर दुरुस्त चल रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बंया करती है। स्कूल के समीप बोरिंग करने वाली गाड़ी रात में आधे अधूरे बोरिंग करके भाग गई। ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर एक डीप बोरिंग की जरूरत है तभी पानी की समस्या का हल होगा।

# महिलाएं समाज में ला सकती हैं परिवर्तन : सिद्धिनाथ

**जोन्हा में आयोजित दो दिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग शिविर का समापन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झारखंड सेवा भारती का दो दिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग शिविर रांची के जोन्हा स्थित सेवा धाम में बुधवार को संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम विकास के अखिल भारतीय कार्यकारणी सदस्य सिद्धिनाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं को देश की नौका को परम वैभव तक ले जाने वाला नाविक, सारथी बनना होगा। पौराणिक कथाओं का स्मरण करते



हुए उन्होंने बताया कि देवासुर संग्राम में राजा दशरथ की सारथी रानी कैकेई बनी थीं। फिर एक वरदान मांगकर रानी कैकेई ने जन उद्धार के लिए राम को वनवास भेजा। क्योंकि राजा का बेटा ही राजा होगा, यह संस्कृति नहीं विकृति है। प्रशिक्षण वर्ग में शामिल महिला कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सेवा भारती के कार्यों से जुड़ कर सामाजिक बदलाव लाना होगा। समाज परिवर्तन की सारथी मातृशक्ति ही हैं। मौके पर सेवा भारती, झारखंड के संरक्षक ओम प्रकाश केजरीवाल का भी आशीर्वचन प्राप्त हुआ। धन्यवाद ज्ञापन सेवा भारती, बोकारो महानगर उपाध्यक्ष राज कुमार ने किया। प्रशिक्षण वर्ग में पर्यावरण, जल संरक्षण, नागरिक कर्तव्य पालन, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी अपनाओ व परिणामकारी सेवा कार्य वृद्धि को लेकर तज्ञ महानुभावों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। वहीं, शिविर को सफल बनाने में सेवा भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल, रमाकांत दूबे, रामाशंकर बगड़ीया, उमाशंकर केजरीवाल, हरिनारायण, लवकेश उपाध्याय, जितेंद्र कुमार आदि का योगदान रहा।

## आजसू का ज़िला स्तरीय पंचायत व ग्राम प्रभारी सम्मेलन 17 को

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** आजसू की बैठक बुधवार को डाक बंगला में हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जगरनाथ महतो ने की। बैठक में आजसू के केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव भी शामिल हुए। इस दौरान बैठक में 17 मार्च को खोपी सरना हेसल में आयोजित होने वाले रांची जिला स्तरीय पंचायत सह ग्राम प्रभारी सम्मेलन की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। पारसनाथ उरांव ने कहा कि इस सम्मेलन में जिले के कोने-कोने से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को कार्यक्रम की सफलता के लिए अलग-अलग दायित्व सौंपे गए। बैठक में केंद्रीय सदस्य वीरेंद्र सिंह भोगता, जलनाथ चौधरी, जिला सह कोषाध्यक्ष आतिश महतो, प्रखंड सचिव धर्मेंद्र सिंह, किसुन महतो, संजय महतो, किरण देवी, निर्मला देवी, सरिता देवी, जगदीश महतो, आशाराम महतो, कृष्ण कन्हैया केशरी, पारसनाथ महतो, अजीत महतो, रूपमणि देवी, दीपक करमाली आदि थे।

## गढ्ढो से बेड़ोवासी पस्त, नेता-अधिकारी व ठेकेदार मस्त



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** विकास के नाम पर जनता परेशान है। बेड़ो में रांची-गुमला मुख्य मार्ग, बेड़ो-लोहरदगा मार्ग सहित अन्य सड़कों के किनारे पेयजलापूर्ति विभाग द्वारा नल जल योजना के तहत किए गए गढ्ढे सही तरीके से भरे नहीं गए हैं। जिससे पूरे बेड़ो की सड़क के किनारे गढ्ढे ही गढ्ढे बने हुए हैं। विभाग की उदासीन रवैये के कारण कायदे कानून को ताक पर रख ठेकेदार अपनी मर्जी से काम कर रहे हैं। जिस कारण बेड़ो के लोग त्रस्त हैं। वहीं प्रखंड व जिला के अधिकारी, नेता व ठेकेदार मस्त हैं। लगता है किसी को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। प्रखंड कार्यालय के बगल से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाली सड़क के दोनों किनारों पर बने जानलेवा गढ्ढे में हर दिन कोई न कोई गिरते रहता है। लेकिन इसकी भराई अभी तक नहीं हुई हैं।

## रांची सांसद ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास


**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत बरगावां पंचायत के कालीनगर में बुधवार को जिला अनाबद्ध निधि से 400 फीट पीसीसी पथ का शिलान्यास रांची के सांसद संजय सेठ ने किया। इस मौके पर मुहल्ले के सैकड़ों लोगों ने सांसद से क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। सांसद ने यथाशीघ्र समस्याओं के समाधान का निराकरण करने की बात कही। वहीं, सोमवार देर रात नामकुम बाजार हनुमान मंदिर के समीप तीन दुकानों में आग लगी थी। जिसमें दुकानों के सारे सामान जल गए थे। उसके भुक्तभोगियों ने मुआवजे की गुहार लगाई थी। विधवा पूनम देवी की लॉन्डी दुकान के जलने से उसके सामने परिवार की परवरिश एवं रोजगार



की समस्या उत्पन्न हो गयी है। इस दिन सांसद संजय सेठ और खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा सहित अन्य लोगों ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना एवं नुकसान की जानकारी ली। सांसद एवं मंडल अध्यक्ष ने पीड़ित तीनों दुकानदारों को आर्थिक सहायता की और भविष्य में आगे भी सहायता करने की बात कही। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा, मुखिया अनिता तिर्की, उपमुखिया सुबोध सिंह टनटन, भाजपा नेता रितेश उरांव, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, समीर राय, दुर्गा शंकर झा, कौशल सिंह, प्रभाष झा, आरती कुजूर, एनपी सिन्हा, रामाधार सिंह, गोपाल चौधरी, पिंटू सिंह, गोरखनाथ सिंह, उमाकांत राय, रुदेश्वर सिंह, विकास सिंह आदि उपस्थित थे।

## गांव चलो अभियान के तहत चलाया जनसंपर्क

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामअवतार केरकेट्टा ने बुधवार को नामकुम प्रखंड के कई गांवों में जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को केंद्र सरकार की ओर से संचालित गरीब कल्याण,



महिला सशक्तीकरण, किसान सम्मान निधि योजना, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही लोकसभा चुनाव में भाजपा को ज्यादा मतदान करने की अपील की। मौके पर वार्ड सदस्य सुनीता लिंडा, ललिता कच्छप, मनीष तिर्की, राहुल कच्छप, पवन कच्छप व पंकज कच्छप आदि थे।

### पूर्व विधायक ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

# मोदी की गारंटी का महत्व देश का हर वर्ग समझने लगा है : गंगोत्री कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** लोहरदगा लोकसभा की संयोजक सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर के नेतृत्व में नरकोपी व बेड़ो मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया। नरकोपी, तुतलो, डोरंडा खड़देवरी, भैसा दोन, करकरी, करगे, तुको, टेंगरिया, ईंटा, दिघिया, पुरनापानी में लाभार्थियों से केंद्र की मोदी सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की चर्चा करने के साथ ही नरेंद्र मोदी के तीसरी बार ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद मांगा। कहा कि मोदी की गारंटी के मायने को देश का प्रत्येक किसान, महिला, युवा और गरीब, व्यापारी वर्ग बखूबी समझने लगा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी की धर्म और जाति देखकर योजनाओं का लाभ नहीं दिया, बल्कि उसकी जरूरत के आधार पर उन्हें सभी योजनाओं का लाभ



आम लोगों के बीच संपर्क अभियान चलाती गंगोत्री कुजूर

दिया है। पूर्व विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों में बड़ी संख्या महिलाओं की है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि अनेक योजनाओं में घर की मुखिया के रूप में महिलाओं को वरीयता दी गयी है। उन्होंने विकसित भारत के वाहन में एलईडी के माध्यम से प्रचार प्रसार कर ग्रामीणों से विकसित भारत के लिए अपना सुझाव पत्रपेटी में डालने की अपील की। पूर्व विधायक ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस दौरान वह जरिया व डोरंडा में बजरंग बली मंदिर वर्षगांठ सह कीर्तन में शामिल हुईं। मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यालय एसटी मोर्चा प्रभारी भोगेन सोरेन, राजीव रंजन अधिकारी, भीखा उरांव, सुखदेव कच्छप, राजेश साहू, बलराम सिंह, गोपाल महतो, सुर्दशन सिंह, आदित्य ताम्रकार, दिलीप साहू, सुखदेव उरांव, अनिल साहू, शक्ति राम किनु पहान, अशोक साहू और दिनेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

## नशा कारोबारियों के खिलाफ चला अभियान पुलिस ने नष्ट किया एक क्विंटल जावा महुआ

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी गौतम कुमार राय का नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी है। इस क्रम में बुधवार को थाना क्षेत्र के पिठोरिया गांव के मुंडा टोली में अभियान चलाकर देशी शराब बनाने वाली करीब एक क्विंटल जावा महुवा नष्ट किया। साथ ही भट्टी को भी नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि आगे भी नशा कारोबारियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर एएसआई कृष्णा ओझा सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

## चोरी करने आये युवक की ग्रामीणों ने पिटाई करने के बाद पुलिस को सौंपा, दो हुए फरार



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बृजपुर में चोरी करने पहुंचे एक चोर को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। वह बृजपुर निवासी सूरज सिंह के घर में बुधवार की दोपहर एक बजे चोरी करने घुसा था। उसके साथ दो और साथी भी थे, पर चोरों को चोरी करते देख परिजनों ने शोर मचा दिया। यह देख चोर भागने लगे, तभी ग्रामीणों ने एक चोर को खदेड़कर पकड़ लिया। उसकी पिटाई करने के बाद पुलिस को सूचित किया गया। खबर पाकर पुलिस भी पहुंच गयी। ग्रामीणों ने चोर को पुलिस को सौंप दिया। उसकी पहचान नवीन कुमार ठाकुर के रूप में हुई है। वह लातेहार जिले के धर्मपुर गांव का रहने वाला है। वह फिलहाल रांची के पिस्का मोड़ में रहता है। हालांकि उसके साथ आये दो अन्य चोर भागने में सफल रहे। पुलिस आरोपित को अपने साथ थाने ले गयी। वहीं, सूरज सिंह ने चोरों के खिलाफ रातू थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पुलिस युवक से पूछताछ कर उसके फरार दो साथियों का पता लगाने में जुट गयी है।

# पांकी विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास


सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता।

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता ने बुधवार को प्रखंड के रेवारातु और सेरनदाग में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत दो सड़क निर्मा कार्य का शिलान्यास किया। पहली सड़क मेंन रोड धावड़ीह से रेवारातु पंचायत भवन तक बनेगी, जबकि दूसरी ग्राम दरुवा मेंन रोड से बंजारी भाया सेरनदाग तक बनायी जाएगी। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि 75 वर्षों से अपेक्षित सड़क निर्माण की मांग को आज शिलान्यास कर यहां की जनता को उपहार दिया गया है। यह सड़क मिल का पत्थर साबित होगी। पांकी विधानसभा में केवल विकास ही विकास नजर आएगा। उन्होंने पूर्व विधायक पर पैसा देकर और डरा धमकाकर भीड़ जुटाने का आरोप भी लगाया। कहा कि मोदी जी ने देश में वंशवाद खत्म किया और मैंने पांकी विधानसभा क्षेत्र में वंशवाद खत्म किया है। कहा कि मैं स्वयंसेवकों की मानदेय की बात विधानसभा में उठाकर 2500 दिलवाया। लोकसभा चुनाव को लेकर कहा कि पाकी विधानसभा में प्रत्याशी चयनित हो चुका है। केवल घोषणा बाकी है। जनता कमल के फूल और नरेंद्र मोदी जी के पक्ष में वोट कर केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार बनाने में सहयोग करे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र सिंह चेरो, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी, मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, आशीष सिंन्हा, धावड़ीह मुखिया रिंकी यादव, अजय उरांव, अशर्फी यादव, संदीप यादव, सुदेश्वर राम समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# भाजपा सबका साथ, सबका विकास की बात करती है : रामचंद्र चंद्रवंशी



## इन लोगों ने थमा भाजपा का दामन

भाजपा में शामिल होने वाले कांग्रेस और राजद के दर्जनों नेताओं-कार्यकर्ताओं में डॉ समीर अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, मैनुद्दीन अंसारी, रियासत अंसारी, यासीन अंसारी, सलीम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, तबारक अंसारी, सगीर अंसारी, आलमगीर अंसारी, शरीफ अंसारी मैनुद्दीन, फारूक अंसारी, दिलावर अंसारी, अजमुद्दीन अंसारी, शेर अली अंसारी, इमाम अंसारी, अली मोहम्मद अंसारी, शहाबुद्दीन अंसारी, अली हसन अंसारी, रहमत अंसारी, सलीम अंसारी, ससुद्दीन अंसारी, क्यामुद्दीन अंसारी, गयासुद्दीन अंसारी, सेठ रियाज अंसारी, यासीन अंसारी, सलीम अंसारी, नौशाद अंसारी, बारक अंसारी,सगीर अंसारी,आलमगीर अंसारी,आनंद पाल, कन्हाई पाल, कृष्ण पाल, शंकर पाल, राजेश पाल, जितेंद्र पाल आदि शामिल है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 12 के झगरुआ गांव में बुधवार को भाजपा नगर मंडल की ओर से मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन महामंत्री मनीष कुमार ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी के अलावा भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे। मुन्ना चंद्रवंशी का गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीति सिद्धांतों और विधायक पर आस्था जताते हुए भाजपा में शामिल हुए। सभी को विधायक और डॉ ईश्वर सागर ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा जाती धर्म की नहीं, बल्कि सबका साथ सबका विकास की बात करती है। भाजपा के नाम पर मुस्लिम समाज को डराने वालों से सावधान रहते हुए देश के विकास में अपनी भूमिका तय करने की जरूरत है। मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, जिला कार्य समिति सदस्य किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, पार्षद सुनील कुमार चौधरी, अर्चना देवी, रजनीश कुमार, देवनारायण सिंह, संजय ठाकुर, विकास चंद्रवंशी आदि उपस्थित थे।

# पुलिस ने 28 कार्टून टनाका शराब जब्त की

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दंगवार ओपी क्षेत्र में अवैध देशी शराब के कार्टून से लदे वाहन को पुलिस ने मंगलवार की देर रात जब्त किया है। हालांकि मौका पाकर शराब तस्कर भागने में सफल रहा। ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि देशी शराब के 28 कार्टून समेत बोलेरो को जब्त कर उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जपला-दंगवार मुख्य पथ पर गश्ती पर निकली पुलिस बल ने संदेह के अधार पर उक्त बोलेरो के चालक को रोकने का संकेत दिया था। पर चालक काफी तेज गति से वाहन लेकर भागने लगा। हालांकि पुलिस उसका पीछा करती रही। अंततः काजरात नावाडीह स्टेशन के समीप चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। जब वाहन की तलाशी ली गई तो उसमें 28 कार्टून में कुल 1344 बोतल टनाका देशी शराब बरामद हुआ। एसडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के दिशा निर्देश के पर होली व लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड बिहार की सीमा पर वाहनों की सघन जांच पड़ताल जारी है। इसी दौरान बिहार शराब को ले जाने वाने वाले तस्कर का मंसूबा विफल हो गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में शराब तस्करों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जायेगा।

# हरिहरगंज पुलिस ने जब्त की 50 लीटर शराब

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सरसोत पंचायत क्षेत्र में संचालित दो अवैध शराब भट्ठियों को हरिहरगंज पुलिस ने बुधवार को छापामारी अभियान चलाकर नष्ट कर दिया। साथही 50 लीटर चुलाई शराब और बनाने के उपकरण जब्त किया। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पत्थरा पीकेट प्रभारी मंटु कुमार ने दो अलग-अलग जगहों पर छापामारी की। एकौनी गांव के समीप जंगल और सरसोत गांव में संचालित शराब भट्ठी पर छापामारी की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों भट्ठियों से 7 प्लास्टिक के ड्राम, 50 लीटर अवैध शराब और शराब बनाने के उपकरण जब्त कर थाने लाया गया है।

## कार्रवाई : ससुराल में छिपा था, घटना को अंजाम देने के लिए उपयोग में लायी गाड़ी भी बरामद

# चिकित्सक अपहरण कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**अपहरण कांड में शामिल तीन आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी पुलिस**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** ग्रामीण चिकित्सक मोहम्मद फिरोज खान उर्फ रहमान के अपहरण कांड के मास्टर माइंड को अंततः हुसैनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान दिग्विजय सिंह उर्फ डुक्कू के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गढ़वा के केतार थाना क्षेत्र के पाचाडुमर का रहने वाला है। फिलहाल पलामू के तरहसी इलाके में स्थित अपने ससुराल में छिपा हुआ था।


अपहरण में इस्तेमाल हुई कार।

## मरीज बन कर बनाया निशाना

गौरतल हो कि 26 फरवरी 2-24 को हुसैनाबाद से ग्रामीण चिकित्सक मोहम्मद फिरोज उर्फ रहमान खान का मरीज बनकर पहुंचे कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया था। इसके बाद जांच में उतरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहत डॉक्टर मोहम्मद फिरोज खान को बरामद करने के साथ घटना में शामिल तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि अपहरण का मास्टरमाइंड दिग्विजय सिंह उर्फ डुक्कू फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। इसी बीच पलामू पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दिग्विजय सिंह पलामू के तरहसी इलाके में अपने ससुराल में छिपा हुआ है। सूचना के आलोक में पुलिस ने छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि जिस कार से अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया था, उसे भी बरामद कर लिया गया है। घटना के दिन अपराधी मरीज बनकर डॉक्टर के क्लिनिक में घुसे थे और अपहरण कर लिया था। इसके बाद अपराधियों ने डॉक्टर के परिवार से दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। हुसैनाबाद पुलिस ने डॉक्टर को पलामू के मेदिनीनगर से मुक्त कराया था।


## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

64वी औपबंधिक सूची
जिला–कोडरमा (पार्ट–02)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक – 20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण – चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी रविन्द्र कुमार शांडिल्य, विषुनधारी मुसहर, सुखदेव राय द्वारा आयोग के मा0 सदस्य के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं आवेदकके झारखण्ड आन्दोलनकारी के रूप में पहचान के आधार पर। | |
| 64. | 1. आवेदन क्र0– 165/24<br>2. आवेदक–कारी देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 गिरधारी मिस्त्री (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–मरचोई, पोस्ट–मरचोई, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0– 75/24<br>2. आवेदक–मसो0 फुलवा, पति–स्व0 षिबु मुसहर<br>3. ग्राम–सिहास, पोस्ट–नासरगंज, थाना–ढाब, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें हाथ की अंगुली में कट का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0– 76/24<br>2. आवेदक–बन्धन राय, पिता–स्व0 बुधन राय<br>3. ग्राम–करमाटांड, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर टुटा हुआ है। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0– 77/24<br>2. आवेदक–धनेष्वरी देवी, पति–स्व0 भिखारी प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–कानीकेन्द, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ढुडी पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0– 78/24<br>2. आवेदक–धनेसर राय, पिता–बन्धु राय<br>3. ग्राम–खवासडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–नीचला होंठ में मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0– 79/24<br>2. आवेदक–प्रभु राय, पिता–देवकी राय<br>3. ग्राम–खवासडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–पीठ में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0– 166/24<br>2. आवेदक–बलदेव साव, पिता–बंगाली साव<br>3. ग्राम–खेरडा, पोस्ट–पिहरा गावां, थाना–गांवा, प्रखण्ड–गांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो पैर से विकलांग। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0– 167/24<br>2. आवेदक–अरविन्द गुप्ता, पिता–स्व0 बुन्दी साव<br>3. ग्राम–पिहरा, पोस्ट–पिहरा, थाना–गांवा, प्रखण्ड–गांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में कटे का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0– 80/24<br>2. आवेदक–राम बालक प्रसाद यादव, पिता–जगदीष प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–अम्बाबाद, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0– 81/24<br>2. आवेदक–बच्चीया देवी, पति–राम बालक प्रसाद यादव<br>3. ग्राम–अम्बाबाद, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0– 82/24<br>2. आवेदक–बालकिसुन बेसरा, पिता–स्व0 सोमर बेसरा<br>3. ग्राम–खिरीकलां, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0– 83/24<br>2. आवेदक–राजकुमार यादव, पिता–स्व0 रूपलाल महतो<br>3. ग्राम–समयडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें जांघ पर घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0– 84/24<br>2. आवेदक–बीरबल बेसरा, पिता–सोमर बेसरा<br>3. ग्राम–खिरीकलां, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें तरफ आंख के नीचे मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0– 85/24<br>2. आवेदक–इन्द्रदेव प्रसाद यादव, पिता–स्व0 प्रसाद महली यादव<br>3. ग्राम–समयडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने तरफ ललाट में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0– 217/24<br>2. आवेदक–अर्जुन प्रसाद यादव, पिता–स्व0 लक्ष्मण यादव<br>3. ग्राम–करचैता, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें बांह में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0– 86/24<br>2. आवेदक–दषरथ मिस्त्री, पिता–गोविन्द मिस्त्री<br>3. ग्राम–मरचोई, पोस्ट–मरचोई, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0– 87/24<br>2. आवेदक–रामबच्चन महतो, पिता–स्व0 बासुदेव महतो<br>3. ग्राम–समयडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां तरफ पेट में लहसन का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0– 88/24<br>2. आवेदक–टिपन मुसहर, पिता–स्व0 जानकी मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु– 68 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0– 89/24<br>2. आवेदक–विन्देष मुसहर, पिता–महावीर मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनो हाथ में छः अंगुली। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0– 90/24<br>2. आवेदक–अर्जुन मुसहर, पिता–मौजी मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0– 91/24<br>2. आवेदक–आषो देवी, पति–चन्द्रिका मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु– 63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां आंख के बगल में ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0– 92/24<br>2. आवेदक–गुजरी देवी, पति–महेन्द्र मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु– 72 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ टुटा हुआ। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0– 93/24<br>2. आवेदक–लालजीत मुसहर, पिता–मंगर मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आंख के बगल में ऐला। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–94/24<br>2. आवेदक–ब्रहमदेव मुसहर, पिता–अकलू मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट पर दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0– 95/24<br>2. आवेदक–सुदेष्वर मुसहर, पिता–अकलू मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–सर पर कटे का दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0– 96/24<br>2. आवेदक–दयमन्ती देवी, पति–स्व0 लालो मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0– 97/24<br>2. आवेदक–पचोलवा देवी, पति–पुनदेव मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–महिला, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0– 98/24<br>2. आवेदक–दरोगी मुसहर, पिता–मौजी मुसहर<br>3. ग्राम–जोगीडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0– 99/24<br>2. आवेदक–बाबूलाल महतो, पिता–स्व0 बुन्दी महतो<br>3. ग्राम–गाजेडीह, पोस्ट–खूंटा नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें पैर में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0– 100/24<br>2. आवेदक–राधे महतो, पिता–स्व0 बुन्दी महतो<br>3. ग्राम–गाजेडीह, पोस्ट–नन्दुडीह, थाना–सतगांवा, प्रखण्ड–सतगांवा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–ललाट में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0– 101/24<br>2. आवेदक–विनय कुमार शांडिल्य, पिता–प्रयाग पाण्डेय<br>3. ग्राम–झुमरी तिलैया, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0– 102/24<br>2. आवेदक–गीता उपाध्याय, पति–स्व0 प्रयाग पाण्डेय<br>3. ग्राम–झुमरी तिलैया, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें कनपटी में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0– 168/24<br>2. आवेदक–वीणा भदानी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 राजु भदानी (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–डॉ गली, झुमरी तिलैया, पोस्ट–झुमरी तिलैया, थाना–तिलैया, प्रखण्ड–कोडरमा<br>4. लिंग–महिला, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर में लहसन। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0– 103/24<br>2. आवेदक–उदय चौधरी, पिता–धानो चौधरी<br>3. ग्राम–जानपुर, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0– 104/24<br>2. आवेदक–कैलास पासी, पिता–वृहस्पती चौधरी<br>3. ग्राम–जानपुर, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–कंधे पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0– 105/24<br>2. आवेदक–देवनारायण प्रसाद, पिता–अर्जुन साव<br>3. ग्राम–असनाबाद, पोस्ट–मसमोहना, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–गाल में दायें तरफ जला का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0– 106/24<br>2. आवेदक–सुमन देवी (आश्रित पत्नी), पति–स्व0 प्रदीप सिंह (आन्दोलनकारी)<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें पैर के एडी में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0– 107/24<br>2. आवेदक–बसंती देवी, पति–अर्जुन तुरी<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–महिला, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हथेली पर तिल का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0– 108/24<br>2. आवेदक–तालो हेम्ब्रम, पिता–भीमसेन हेम्ब्रम<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायें गाल के नीचे मासा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0– 109/24<br>2. आवेदक–बंधन सिंह, पिता–रूपन सिंह<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ठेहुना में घाव का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0– 110/24<br>2. आवेदक–अलवेरता बाड़ा, पिता–अलबिनुष बेक<br>3. ग्राम–कलीडीह, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा में खोदा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0– 111/24<br>2. आवेदक–लक्ष्मण सिंह, पिता–बद्री सिंह<br>3. ग्राम–लेम्बुईया, पोस्ट–जानपुर सपही, थाना–डोमचांच, प्रखण्ड–डोमचांच<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां जांघ में कटा का निषान। | कंडिका–2(ix) |
